आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* मंगला गौरी व्रत”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 04 | इंदौर, मंगलवार 04 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जंग के बीच भारत ने ईरान में बदला अपना राजदूत

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव, होर्मुज स्ट्रेट पर संकट और पश्चिम एशिया में बदलते हालात के बीच भारत ने तेहरान में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। भारतीय विदेश सेवा के सीनियर अफसर विश्वेश नेगी अब ईरान में भारत की नई जिम्मेदारी संभालेंगे। वह मौजूदा राजदूत रुद्र गौरव श्रेष्ठ की जगह लेंगे, जिन्हें तुर्किये भेजा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विश्वेश नेगी जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। विश्वेश नेगी 2002 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। पिछले दो दशकों में उन्होंने विदेश नीति, रक्षा सहयोग, संयुक्त राष्ट्र और भारत के कई अहम रणनीतिक मामलों पर काम किया है। फिलहाल वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।

### महिला पहलवान यौन शोषण केस में बृजभूषण सिंह बरी

**नई दिल्ली।** महिला पहलवान यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व डबलूएफआई चीफ बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने सह-आरोपी और पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को भी सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें पूरी होने के बाद अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार, 3 अगस्त को अदालत ने यह फैसला इन-कैमरा सुनवाई के दौरान सुनाया। सुनवाई में महिला पहलवानों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन, जबकि बृजभूषण की ओर से अधिवक्ता राजीव मोहन ने पक्ष रखा।

### जेन जेड और जेन अल्फा से 6 अगस्त को बातचीत करेंगे मोहन भागवत

**नई दिल्ली।** आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 6 अगस्त को मुंबई में जेन जेड और जेन अल्फा के सदस्यों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे देश के 100 से ज्यादा शहरों से 15 से 19 साल के लगभग 2 हजार हाई स्कूल के छात्र शामिल होंगे। यह जानकारी संघ ने प्रेस रिलीज जारी कर दी है। यह कार्यक्रम मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस की स्थापना के 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित वार्षिक चैंपियनशिप कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह का हिस्सा होगा। यह जानकारी आईआईएमयूएन के संस्थापक ऋषभ शाह ने दी।

### टीवी एक्ट्रेस अदिति शर्मा के साथ पति ने की मारपीट



**घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज, सास पर जेवर न लौटाने के आरोप, विवादों में रही शादी**

**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति शर्मा ने हाल ही में पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। गोरेगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में एक्ट्रेस ने पति पर मारपीट, घरेलू हिंसा, चरित्र पर सवाल उठाने जैसे कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने पति अभिनीत विद्यानंद कौशिक, सास उर्मिला कौशिक और ननंद कीर्ति कौशिक का नाम भी शिकायत में लिखवाया है। मुंबई के गोरेगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, अदिति शर्मा जून 2021 में एक ऑनलाइन एक्टिंग क्लास में अभिनीत से मिली थीं। दोनों की दोस्ती हुई और कुछ समय बाद दोनों रिलेशनशिप में आ गए। 3 सालों तक डेट करने के बाद उन्होंने 12 नवंबर 2024 में परिवार की रजामंदी से अभिनीत से शादी की। शादी से पहले ही दोनों सितंबर 2024 से गोरेगांव के एक फ्लैट में साथ रह रहे थे। अदिति के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद ही अभिनीत का व्यवहार बदल गया। पति उनके कपड़ों और छोटी-छोटी बातों पर उनसे झगड़ने लगे। एक्ट्रेस ने दावा किया है कि वो खुद घर का पूरा खर्च उठाती थीं, इसके बावजूद पति बार-बार उनसे पैसे मांगते थे। 1 जनवरी 2025 में कॉफी पर दोनों का झगड़ा हुआ,

### नैनो न्यूज

- **नागपुर** : ई20 फ्यूल के खिलाफ गडकरी के घर के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन, कई हिरासत में।
- **पुलवामा** : संदिग्ध गिरफ्तार, ग्रेनेड, मोबाइल और देश विरोधी पोस्टर बरामद।
- **पुणे** : आर्थिक तंगी से परेशान पति-पत्नी और 19 साल की बेटी ने दी जान।
- **बिहार** : सहरसा में सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में आग, इंजन और उसके पास वाला कोच जला।
- **महाराष्ट्र** : जबरन धर्म बदलवाया तो 7 साल जेल, खुद ने धर्म बदला तो 60 दिन पहले प्रशासन को बताना होगा।
- **नई दिल्ली** : गाड़ी की नंबर प्लेट छिपाना धोखाधड़ी नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है।
- **कर्नाटक** : डीके शिवकुमार कैबिनेट का विस्तार, 12 नए चेहरों को जगह, गायत्री शांतेगौड़ा एकमात्र महिला मंत्री।

श्री महाकालेश्वर की श्रावण मास की पहली सवारी, जय श्री महाकाल के उद्घोष से गूंजा उज्जैन

## बाबा की एक झलक पाने को उमड़े 7 लाख से ज्यादा श्रद्धालु

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन के लिए उज्जैन में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों के अनुसार रात 2:30 बजे पट खुलने से दोपहर 12 बजे तक ही 2.91 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पूरे दिन में यह संख्या करीब 5 लाख तक पहुंच गई। वहीं भगवान की पहली सवारी के दौरान मार्ग के दोनों ओर 6 से 7 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा की एक झलक पाने के लिए घंटों खड़े रहे।

**पट खुलने के बाद से दोपहर 12 बजे तक 2.91 लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच दर्शन किए**



### पालकी में श्री चंद्रमौलेश्वर के दर्शन

अपरांह में मंदिर के सभा मंडप में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के पूजन के बाद भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप को पुष्पों से सजी रजत पालकी में विराजित किया गया। पालकी को सभी ने कांधा देकर मंदिर से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थित किया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र गारद की सलामी के बाद सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। इस बार सवारी हाल ही में चौड़े किए गए परंपरागत मार्ग से निकाली गई, जिससे श्रद्धालुओं को सहूलियत से दर्शन मिले।

- **वैदिक उद्बोधन थीम और भक्ति का माहौल-** पिछली बार की तरह इस बार भी प्रत्येक सवारी के लिए अलग-अलग थीम तय की गई है। पहली सवारी की थीम वैदिक उद्बोधन रही। शिप्रा तट रामघाट पर सवारी के पहुंचने पर 1100 वैदिक बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। सवारी में करीब 70 भजन-कीर्तन मंडलियां, लोक कला नृत्य दल, पुलिस बैंड और स्काउट-गाइड के सदस्य शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर और जय श्री महाकाल के जयकारों से बाबा का स्वागत किया।
- **भव्य मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था -** शिप्रा तट पर पूजन उपरांत सवारी रामघाट से शुरू होकर रामानुजकोट, कार्तिक चौक, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी बाजार होते हुए महाकाल मंदिर वापस पहुंची। श्री द्वारकाधीश गोपाल मंदिर पर स्टेट की ओर से विशेष पूजन किया गया। नगर निगम द्वारा मार्ग पर रंगोली और वॉल पेंटिंग की गई थी। सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट वाहन, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस, विशेष सशस्त्र बल और यातायात पुलिस भी तैनात रही।

कॉकरोच जनता पार्टी दो दिन की रणनीतिक बैठक करेगी

## राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे

### दीपके बोले- स्कॉलरशिप के पैसों से अमेरिका गया था

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी। इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे।

पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद सीजेपी देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि उन्हें बोस्टन यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और बाकी पैसों के लिए लोन लिया था, जो अभी चुकाना बाकी है। इससे पहले, सूरत के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने उनके पिता की संपत्ति और फंड की जांच की मांग की थी। और सवाल उठाए थे कि दीपके के पास अमेरिका जाकर पढ़ाई करने के पैसे कहां से आए।



### दीपके ने कहा- जंतर-मंतर पर घुसपैठिए घुसे

अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शन में बाहरी लोगों ने घुसपैठ की थी, जिसके कारण 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि विरोध को बदनाम करने के लिए बाहर से लोग भेजे गए थे। इन लोगों की दिल्ली पुलिस के साथ मिलीभगत थी।

### छात्रों के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं होगी

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि नीट पेपर लीक को लेकर विरोध करने वाले छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा, सरकार अपने वादे पर कायम है। छात्रों के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं होगी। मेहता ने ये भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान गंभीर अपराधों को लेकर जिन 2700 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई हैं, इन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी ने इस मसले पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी 3 मांगें थी, जो सरकार ने मान ली थीं। इनमें एक मांग यह भी थी कि सरकार विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। मामले पर अब 18 अगस्त को सुनवाई होगी।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर संसद में हंगाम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (सीजेआई सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। वहीं राज्यसभा ने एमएसएमई विकास (संशोधन) बिल पास कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए।

## पूर्व मंत्री पारस चंद्र जैन का निधन सीएम यादव ने पुष्पचक्र अर्पित किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मप्र सरकार के पूर्व मंत्री पारसचंद्र जैन का सोमवार तड़के इंदौर के निजी अस्पताल में 77 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पिछले एक पखवाड़े से उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री जैन उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे। उनके निधन का समाचार मिलते ही उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन पहुंचकर पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर शोक श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को ढाढस बंधाया। उनके पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उन्हें कल रात में ही जैन धर्मानुसार संधारा दिलाया गया था। सोमवार को श्री जैन का अंतिम संस्कार उज्जैन चक्रतीर्थ पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में किया गया।



श्री जैन ने लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में रहकर प्रदेश और विशेष रूप से उज्जैन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे कई बार उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा पहुंचे और मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। वे अपने शांत, सरल और मिलनसार स्वभाव के कारण सभी दलों के नेताओं तथा आम नागरिकों के बीच सम्मानित थे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ नेता पारस चंद्र जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। निधन की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल से उज्जैन पहुंचकर श्रद्धेय पारस जैन की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजन को सांत्वना प्रदान दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. श्री पारस जैन के निधन पर गहरा शोक भी व्यक्त किया।

उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण नेशनल हाईवे बंद

## छत्तीसगढ़ में पुल टूटा, यूपी में सड़क पर नाव चली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूस्खलन के कारण यमुनोत्री नेशनल हाईवे कई जगहों पर बंद हो गया है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के चलते कई इलाकों में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बिलासपुर-रतनपुर-पेंड्रा मार्ग पर पुल दो हिस्सों में टूट गया। इसी दौरान पुल से गुजर रही एक यात्री बस बीच में फंस गई। पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश से उत्तर प्रदेश में गंगा, घाघरा और शारदा समेत 10 नदियां उफान पर हैं। बिजनौर में गंगा का पानी 6 गांवों में घुस गया, जिससे सड़कों पर नाव चल रही हैं। वहीं, राजस्थान में लगातार हो रही बारिश के बीच जोधपुर के नागोरी सिलावटों इलाके में एक मकान की छत गिर गई। हादसे में 8 साल की अलसिफा की मौत हो गई, जबकि उसके पिता और दादी गंभीर रूप से घायल हो गए।



## नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर जीते

### भाजपा प्रत्याशी को 19324 वोट से हराया, मप्र के दतिया में कांग्रेस, गुजरात में भाजपा जीती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। एमपी के दतिया में कांग्रेस और गुजरात में भाजपा जीत गई है।

बिहार के बांकीपुर में नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर जीत गए हैं। जन सुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर 19,324 वोटों से जीते हैं। प्रशांत को 64,151 वोट मिले, जबकि



भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44,827 वोट मिले हैं।

बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट है। वे यहां से लगातार 5 बार विधायक रहे हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया था।

काउंटिंग के दौरान चुनाव आयोग की वेबसाइट पर कुछ गड़बड़ देखने को मिली। सुबह से वेबसाइट पर 31 राउंड की काउंटिंग बताई जा रही थी। 31 राउंड पूरे होते ही पहले 32 और फिर 36 राउंड काउंटिंग दिखाई जाने लगी। बाद में फिर 32 राउंड की काउंटिंग दिखा दी गई।

इधर, मप्र के दतिया में कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने 6,016 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा ने यहां पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया था। आशुतोष नरोत्तम मिश्रा के पोलिंग बूथ पर भी नहीं जीत पाए।

गुजरात के मांजलपुर में भाजपा के सतेन्द्रभाई (सतीश) पटेल ने 30630 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को हराया। तीनों सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग हुई थी।

## केशव मौर्य ने तस्लीमा नसरीन के मदरसों संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया दी

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

लखनऊ में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बांग्लादेश की निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन के मदरसों संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- मदरसा बांग्लादेश का हो, पाकिस्तान का हो या भारत का हो, वास्तव में अगर देखा जाए तो मदरसा अघोषित तौर पर आतंकवादियों को पैदा करने की फैक्ट्री है। दरअसल 19 साल बाद कोलकाता पहुंचीं तस्लीमा नसरीन ने हाल ही में कहा था कि मदरसों को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि वे 'जिहादी फैक्ट्रियां' हैं। इन्हें सेक्युलर स्कूलों में बदल देना चाहिए।

## कांवड़ लेकर निकली मां ने जुड़वां बेटों को जन्म दिया

**एजेंसी ▸▸ वाराणसी**

वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और कानपुर समेत पूरे प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में अब तक 3 लाख से ज्यादा भक्त बाबा के दर्शन कर चुके हैं। प्रयागराज के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में भी तड़के से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के दौरान एक महिला शिवभक्त ने सोमवार सुबह जिला अस्पताल में जुड़वां बेटों को जन्म दिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बच्चों का नाम 'गणेश' और 'कार्तिकेय' रखा। मेरठ के हरपाल नाथ (65) हरिद्वार से 33 लीटर गंगाजल लेकर घुटनों के बल चल रहे हैं। वे अपने पेट में रस्सी से बांधकर चार पहियों वाली कांवड़ खींच रहे हैं।




पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, फिलहाल किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली

## 8 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों की मौत

### खैबर पख्तूनख्वा में युवक ने थाने में जाकर ब्लास्ट किया, 18 लोग घायल

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में रविवार को एक पुलिस स्टेशन के बाहर आत्मघाती हमला हुआ। इसमें 8 पुलिसकर्मी समेत 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।



पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमले के समय पास के काबल चौक पर आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली चल रही थी। स्वात के जिला पुलिस अधिकारी उमर खान के ने बताया कि इसी दौरान एक युवक काबल पुलिस स्टेशन के गेट पर पहुंचा। पुलिस वालों ने उसे रोककर तलाशी लेने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इससे पहले पुलिस हरकत में आती, युवक ने खुद को ब्लास्ट कर दिया। फिलहाल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस हाई अलर्ट पर है।

### लोग आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाल रहे थे

धमाके से पहले रविवार को कई लोग आतंकवाद के खिलाफ शांति रैली निकाल जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्वात में बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं की निंदा की। डॉन के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके आंदोलन का एक ही मकसद है, इलाके में शांति लौटाना और आतंकवाद का खात्मा करना। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है। अगर असुरक्षा का माहौल जारी रहा तो लोगों में बड़ा जनआक्रोश पैदा हो सकता है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# नाम, गुण, काम तीनों एक समान

हाल ही में तबादलों में परिवर्तन के दौर में संभागीय मुख्यालय से नाक की सीध में पास के प्रदेश में जाने वाले मार्ग के संभाग के जिले में आए प्रशासनिक पूत के पांव पालने में नजर आ गए हैं। जस नाम तस काम ,गूण तीनों समान ही हैं। लाल माटी की धरा पर बिल्कुल उसके स्वभाव के समान ही प्रशासन की जरूरत थी जो नाम से ही धरा के समान हैं। इस जिले में विकास के अवसर भी अनेक हैं ।
प्रशासनिक मुखिया ने आते से ही एक मुद्दे से ही जिले की खैराती चिकित्सा व्यवस्था में सुधार ला दिया है। अभी तो उन्होंने मुद्दे को लेकर बयान भर ही दिया है अगर सही में इस मुद्दे को उन्होंने पूरी तरह से खोल दिया और तह तक पहुंच गए और खैराती चिकित्सालय का रैफरल ऑडिट हो गया तो अनेक चेहरों से नकाब उतर जाएगा। वैसे इस मुद्दे को कम ही प्रशासनिक अधिकारी छेडते हैं जो छेडते हैं वे ह्लशेरह्व ही नहीं ह्लसिंहह्व का जिगरा रखते हैं और वैसी ही सोच समझ भी। संवाद,समन्वय एवं संपर्क तीनों का पालन करते हुए आते ही वे खबरनवीसों से रूबरू हुए। खैराती जिला अस्पताल के हाल सामने आते ही उन्होंने मामले को तत्काल भांप कर मरीजों को अनावश्यक एवं बगैर उचित कारणों के अन्यत्र रेफरल का ऑडिट करवाने का निर्देश के साथ यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी मरीज को किसी निजी चिकित्सा संस्था अथवा अन्य स्थानों के लिए रैफर नहीं किया जाए। खुसूर-फुसूर है कि अपने नाम के आगे डाक्टर की पदवी वाले जिले के प्रशासनिक अधिकारी के इस बयान भर से पिछले तीन दिनों से रैफरल पद्धति पर पूरी तरह से अंकूश लग गया है। संभागीय मुख्यालय के जिले वाले तीन दिनों से हैरानी में हैं कि पडोसी का अस्पताल सुधर गया है या फिर कोई हकीम लुकमान आ डटे हैं मरीजों का आना ही बंद हो गया है। वहां के निजी अस्पताल एवं संभागीय मुख्यालय के निजी अस्पताल के एजेंटों का कमीशन भी हासिए पर आ गया है। अगर यही स्थिति नाम,काम,गुण वाले साहब ने बनाए रखी तो जेब हल्की हो जाना तय है। साहब के निर्देश के बाद उनके जिला मुख्यालय के खैराती अस्पताल के जिम्मेदारों की नींद हराम है और चैन गायब हो रहा है। रजिस्टर रैफरल से भरा पडा है अगर आडिट हुआ तो आखिर क्या होगा।

## नैनो न्यूज

- पर्यावरण प्रेमी परिवार के सहयोग से हुआ आयोजन, मित्रता दिवस पर सदस्यों ने एक-दूसरे को बांधे फ्रेंडशिप बेल्ट
- उच्च शिक्षा मंत्री ने 400 कंप्यूटर लैब और आईटीआई का किया अवलोकन, बेलपत्र के पौधे लगाकर की पूजा-अर्चना
- बाबा महाकाल की पहली सवारी आजः नए स्वरूप में सजे सवारी मार्ग ने बढ़ाई भव्यता, समाजसेवी मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार
- आईपीजीए मध्यप्रदेश शाखा ने किया आयोजन, प्रदेशभर के फामेर्सी विशेषज्ञों ने लिया अधिकाधिक सहभागिता का संकल्प
- 30 दिवसीय अखाड़ा कार्यशाला का शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा पारंपरिक शौर्य कला का प्रशिक्षण
- माधव महाविद्यालय में समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष शर्मा का सम्मान, पदोन्नत व स्थानांतरित प्राध्यापकों का भी हुआ सत्कार
- कर्मचारियों को धमकाने की शिकायत लेकर एसपी से मिला लघु वेतन कर्मचारी संघ, जांच का मिला आश्वासन

## ट्रेंडिंग

### अटल जी की तांबे की मूर्ति सीमेंट की निकली




सवारी को लेकर मंदिर से सड़क तक विभागों ने चाक चौबंद की व्यवस्थाएं

# महाकाल में दोस्त दिवस पर श्रद्धा का आंकडा दोपहर में ही 2 लाख पार

भगवान श्री महाकालेश्वर का प्रथम नगर भ्रमण आज, चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में होंगे दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास की शुरूआत में ही श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रति दिन 2 लाख पार जा रही है। दोस्त दिवस पर तो हालत यह हो गई की दोपहर 1 बजे ही यह आंकडा 2 लाख को पार कर गया था। मंदिर में पिछले 3 दिनों से श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ एक दम बढा है। मंदिर परिसर के साथ ही शहर भर में सुरक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। महाकाल मंदिर में श्रावण महोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। सोमवार को भगवान की पहली सवारी निकलेगी । इस दौरान भगवान के चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में दर्शन श्रद्धालुओं को पालकी में होंगे।

रविवार को दोस्त दिवस के मौके पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही। सोमवार को श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी का पहला क्रम निकलने वाला है। इस बार 6 सवारियां निकाली जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया के अनुसार श्रावण मास के पहले दिन कुल 2.23 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। उसके बाद से निरंतर यह आंकडा उपर की और देखा जा रहा है। मंदिर में लगी हेड काउंटेबिल मशीन के माध्यम से यह आंकडा सामने आ रहा है। उज्जैन स्मार्ट सिटी ने इसे स्थापित किया है। उनका दावा है कि दोस्त दिवस पर दोपहर 12 बजे ही श्रद्धालुओं का आंकडा 1.95 लाख के पास पहुंच गया था।



- प्रबंध समिति के गौरवशाली आयोजन 21वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव 2026 "शिव अर्धांग" की प्रथम संध्या की पहली प्रस्तुति रिंधाना रहस्या एवं अविनाश कुमार के शास्त्रीय गायन से हुई। उसके पश्चात वेस्ट बंगाल निशांत सिंह एवं देबव्रत गुप्ता तबला पखावज (वादन) की प्रस्तुति हुई उसके के बाद कार्यक्रम का समापन इंदौर के पद्म डॉ. पुरू दाधीच की शास्त्री य नृत्य (समूह कथक) की प्रस्तुति से हुआ।
- नगर निगम ने सवारी मार्ग पर चौड़ीकरण किया है। इसके साथ ही नगर निगम ने जमीन से लेकर दीवारों तक को सवारी के लिए सजाने का काम भी मार्ग पर किया है। जनसंपर्क अधिकारी पवन लौंढे ने बताया कि इस बार सवारी 15 मीटर चौड़े मार्ग से निकलेगी। समय सीमा में सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर दिए गए हैं। सवारी मार्ग पर धरा से लेकर दीवारों को सजाया जा रहा है। वॉल पेंटिंग से धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप निखारा गया है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर संपूर्ण सवारी मार्ग को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। सवारी मार्ग पर हरसिद्धि पाल से रामघाट तथा सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक चौड़ीकरण कार्य के साथ-साथ सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है। रामानुज कोट से रामघाट मार्ग तक प्रभावित भवनों पर ग्रीन नेट लगाए जा रहे हैं। वहीं रिटेनिंग वॉल एवं मार्ग की दीवारों पर सिंहस्थ महापर्व, साधु-संतों तथा धार्मिक स्थलों पर आधारित आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। सत्यनारायण मंदिर से छत्रीचौक तक 15 मीटर चौड़े एवं लगभग 425 मीटर लंबे नवनिर्मित मार्ग का चौड़ीकरण कार्य अंतिम चरण में है। वर्तमान में प्रभावित भवनों पर ग्रीन नेट लगाने, कमरी मार्ग चौराहे पर कोबल स्टोन की फिनिशिंग की गई है।

# श्री-84 महादेव दर्शन यात्रा शुभारंभ में तीर्थयात्रियों को किया वर्चुअली संबोधित

## मुख्यमंत्री बोले- श्रद्धा-साधना और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं 84 महादेव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 अगस्त को उज्जैन में आयोजित श्री-84 महादेव दर्शन यात्रा-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेसिंग से संबोधित किया। उन्होंने दर्शन करने जा रहे सभी यात्रियों को अपनी आत्मीय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उज्जैन केवल एक नगर नहीं, भूत भगवान श्री महाकाल की पावन नगरी है। यहां के 84-महादेव श्रद्धा, साधना और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। यह यात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा आस्था के साथ-साथ आत्मिक जागरण का भी पुण्य अवसर है। स्थानीय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के साथ पं.प्रदीप मिश्रा, राज्यसभा सदस्य उमेशनाथ महाराज,समाजसेवी नारायण यादव शामिल हुए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश देती है। भगवान शिव समरसता, करुणा और लोककल्याण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि 84 महादेवों की परिक्रमा शिवभक्ति की प्राचीन और पवित्र परंपरा है। यह यात्रा श्रद्धा, संयम और आध्यात्मिक अनुशासन का संदेश देती है। प्रत्येक मंदिर उज्जैन के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का साक्षी है। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

### संस्कारों से बनती है हमारी पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिले, यही हमारी प्राथमिकता है। प्रशासन और समाज मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे जनभागीदारी से ही ऐसे आयोजन भव्य और दिव्य बनते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति से जुड़ा समाज ही सशक्त और आत्मविश्वास राष्ट्र बनाता है।

### अर्थव्यवस्था को भी मिलती है गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन कम ही होते हैं। श्री 84 महादेव दर्शन यात्रा में शामिल सभी मातृशक्तियों को आयोजक संस्था द्वारा लाल चुनरी, साडी, रूद्राक्ष की माला, बिल्वपत्र का पौधा निःशुल्क भेंट किए जा रहे हैं। यात्रा के साथ में प्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी की भजन मंडली भी चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्राएं केवल आस्था नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की भी शक्ति हैं। इससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार तीर्थ स्थलों पर बेहतर सुविधाएं विकसित कर रही है। हमारा लक्ष्य उज्जैन को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाना है।

## आंजना मेरिज गार्डन सोडंग पर सनातन धर्म तत्वज्ञान जिला सत्संग में उमड़ा जनसैलाब



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्तमान समय में बढ़ते नशे, सामाजिक बुराइयों और मानसिक अशांति के बीच मानवता को आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार को उन्हेल-नागदा रोड स्थित आंजना मैरिज गार्डन, सोढ़ंग में कबीर परमेश्वर पंथी जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में जिला स्तरीय आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रसारित सत्संग में जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सत्संग में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य परमात्मा की शास्त्रसम्मत भक्ति कर नशामुक्त, सदाचारी और सुखी समाज का निर्माण करना तथा प्रत्येक जीव को मोक्ष का मार्ग दिखाना है। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक, मानसिक और सामाजिक परिवर्तन आता है तथा परिवार और समाज में सुख-शांति स्थापित होती है। तथा सर्व धर्म शास्त्र गीता, वेद, कुरान, पुराण, तथा गीता तेरा ज्ञान अम्रत, जीने की राह, ज्ञान गंगा आदि पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया। सत्संग के समापन पर इच्छुक श्रद्धालुओं को निःशुल्क नाम दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला सेवादार भक्त किशोर दास सहित सभी तहसीलों के सेवादार उपस्थित रहे।

## अधीक्षक प्रदीप शर्मा का कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष घावरी ने किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिपलीनाका पर 7 जुलाई को दोपहर में टाटा कंपनी के तीन सफाई कर्मचारी सिवरेज चैंबर की सफाई करते समय चेंबर में गिर जाने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और दो कर्मचारियों की जान बचाई गई। उस घटना के वक्त जांबाज उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उसी रास्ते से निकल रहे थे प्रदीप शर्मा ने भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रूकवाई और घटनास्थल पर खड़े रहकर प्रशासन की ओर से जो भी मदद करना थी, वह मदद तत्काल की गई और दो सफाई कर्मचारियों की जान बचाई गई। ऐसे जांबाज पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा का मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी द्वारा महाकाल का दुपट्टा उड़कर स्वागत सम्मान किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, रवि सीहोते वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष, सुनील खत्री विभागीय अध्यक्ष, अखिलेश मंडोर, संतोष सीहोते, महेश मालवीय, यह जानकारी उज्जैन जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।



## फ्रेंडशिप डे पर जोश के साथ बिखेरे यादों के रंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फ्रेंडशिप डे पर युवाओं में बढ़ा दोस्ती का जश्न, शहरभर में कैफे, पार्क और कॉलेज रंग-बिरंगी चूड़ियों, ग्रीटिंग्स, और केक से सजे दिखे। युवाओं ने पुराने दोस्तों से मुलाकात की, कुछ ने सोशल मीडिया पर यादें साझा कीं तो कुछ ने अनाथालयों में मिठाइयां बांटकर दोस्ती का असली अर्थ समझाया। बढ़ती डिजिटल दोस्तियों के बीच कई युवाओं ने कहा कि रियल कनेक्शन जरूरी है। कई कैफेज में फ्रेंडशिप बैंड्स और हैंडमेड गिफ्ट्स की भी धूम रही।

उज्जैन में फ्रेंडशिप डे पर शहर दोस्ती के रंग में रंगा दिखा। प्रमुख पार्कों, कैफे, और महाकाल क्षेत्र में युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ रही, जहाँ फ्रेंडशिप बैंड्स, ग्रीटिंग्स और छोटे गिफ्ट्स की बिक्री भी तेज रही। सोशल मीडिया पर हैशटैग फ्रेंडशिप ट्रेंड करता रहा। कुछ स्थानीय संगठनों ने अनाथालय और वृद्धाश्रम में फल, मिठाइयाँ और जरूरी सामान बाँटकर दोस्ती का सामाजिक संदेश दिया। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि मजबूत मित्रता मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ाती है और बदलते समय में आमने-सामने मिलने का महत्व और भी बढ़ गया है। कुल मिलाकर, फ्रेंडशिप डे ने उत्साह, अपनत्व और संवेदनाओं के बीच यह याद दिलाया कि दोस्ती सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग का नाम है। और वैसे भी, दोस्ती में केक अच्छा बहाना है... बस सच्ची बातचीत ही असली ट्रीट है।

शहर के कुछ कॉलेजों में स्टूडेंट्स ने ग्रुप डिस्कशन और ओपन-मिक सेशंस रखे, जिसमें उन्होंने कहा कि दोस्ती में क्वालिटी टाइम अब सबसे कीमती चीज है। कई लोगों ने पुराने दोस्तों से फिर से जुड़कर कहा, कुछ बातें सिर्फ उन्हीं से हो सकती हैं, बाकी किसी से नहीं। और शहर की गलियों में घूमते हुए लोग मुस्कुरा कर एक ही बात दोहराते दिखे, फ्रेंडशिप डे याद दिलाता है कि दोस्ती निभाने से बनती है, दिखाने से नहीं।




चौड़ीकरण किए गए मार्गों पर स्वास्थ्य विभाग की बढ़ेगी परेशानी

# सड़क के लेबल में नाली, ढाल बदहाल, निर्माण बनेंगे मुसीबत का जाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कई मार्गों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके तहत सड़कों एवं नालियों का निर्माण जारी है। चौड़ीकरण किए जा रहे मार्गों पर नाली एवं सड़कों का निर्माण बड़े ही बेतरतीब तरीके से हो रहा है। नालियों का लेबल सड़क के हिसाब से लिया जा रहा है जबकि उसे ढाल के मान से निर्माण किया जाता है। इससे आगे चलकर नाली का निर्माण समस्याओं का घर बनने की स्थिति दिखाई दे रही है। यही नहीं ड्रेनेज लाईन से कई जगह पर नाली गहरी है ऐसे में पानी का बहाव कैसे होगा यह भी परेशानी है।

नगर निगम शहर में अन्यानेक सडकों का चौड़ीकरण कर रहा है। इस दौरान सड़कों एवं नाली के बीच ढाल का जो मुख्य मुद्दा तकनीकी रूप से समन्वित किया जाता है उसे सिरे से ही दरकिनार कर नाली निर्माण किए जा रहे हैं। वर्तमान में तो यह कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे लेकिन इसके बाद नगर निगम के स्वासथ्य विभाग के लिए ये काम मुसीबत पैदा करते रहेंगे और भविष्य में जलजमाव की परेशानी यथावत रहेगी।

### ड्रेनेज लाइन से गहरी नाली कैसे बहेगा पानी जलभराव की मुसीबत बनेगी भविष्य में



### सडक और नाली ढाल में समन्वय अभाव

तकनीकी रूप से जानकारों का कहना है कि निमार्णाधीन नालियों और सड़कों के बीच कहीं समन्वय देखने में नहीं आ रहा है। सड़क का ढाल अलग जा रहा है जबकि नालियों का ढाल नालों के अनुरूप किया जाता है। आरसीसी की नालियों के निर्माण में इसका कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लेबल को सिरे से ही नजरअंदाज किया जा रहा है। नालियों का ढाल सड़कों से परे है और सड़कों का ढाल नालियों से परे। ऐसे में सड़कों के आजू-बाजू जल जमाव की परेशानी होना तय है।

### पूरी बंद नाली उसमें बाहर से कैसे जाएगा पानी

तकनीकी जानकारों का कहना है कि नियमानुसार 600 मिमी की नालियों का निर्माण किया जा रहा है। इन्हें आरसीसी डक्ट रूप से निर्मित किया जा रहा है। पूरी नाली में उपर से भी छत डाली जा रही है। करीब 12 मीटर के दायरे में एक चेंबर बनाया जा रहा है। नाली में ढाल नहीं होने से उसमें जमाव की स्थिति तय है। ऐसे में चेंबर की लंबाई एवं चौड़ाई भी बहुत ही सामान्य रखी गई है। उसे देखते हुए भविष्य में सफाई के लिए उसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार, 04 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 1100 विद्यार्थियों को वितरित कीं साइकिलें एवं कॉपिया

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कंपेल में शिक्षा प्रोत्साहन से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं स्थानीय विधायक तुलसीराम सिलावट तथा विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माहेश्वरी स्कूल के लगभग 1100 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें एवं अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपियां वितरित कीं। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष साइकिल वितरण योजना का लाभ दिया जा रहा है, ताकि विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मप्र टूरिज्म ने की है कावड़ यात्रियों के लिए फलाहारी की व्यवस्था

**इंदौर।** पवित्र श्रावण (सावन) माह के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपी टूरिज्म) द्वारा उज्जैन, ओंकारेश्वर एवं महेश्वर स्थित अपने होटल एवं पर्यटन इकाइयों में विशेष फलाहारी भोजन की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु निर्धारित समय पर पौष्टिक एवं स्वादिष्ट फलाहारी व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। मप्र टूरिज्म मैनेजर श्याम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन शहर के तीन इकाई जिसमें सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज होटल, शिप्रा रेजिडेंसी, होटल उज्जैनी शामिल है। इसी प्रकार खरगोन में नर्मदा रिसोर्ट महेश्वर और खंडवा जिले के टेम्पल व्यू ओंकारेश्वर सहित कुल 5 स्थानों पर कावड़ यात्रियों (श्रद्धालु) के लिए फलाहारी की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रहा है।

### जनसुनवाई, अवैध कॉलोनियों, फायर सेफ्टी की समीक्षा

**इंदौर।** इंदौर जिले में आमजन की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर आगामी 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर पहुँचकर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों तथा लोकसेवाओं की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। यह जानकारी कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई समय-सीमा के पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, आगामी मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई, फायर सेफ्टी की विस्तार से समीक्षा की गई।

### कृषि महाविद्यालय में किया 15 हजार पौधारोपण का शुभारंभ



**इंदौर।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रविवार को नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय परिसर में 15 हजार पौधों के रोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कृषि महाविद्यालय से उनका पुराना आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी कृषि विशेषज्ञों के साथ चर्चा के दौरान सीमित कृषि भूमि में अधिक उत्पादन और रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव प्रमुख विषय रहे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। श्री विजयवर्गीय ने अपने ऑस्ट्रेलिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि वहां एक किसान ने रासायनिक खेती से हुए दुष्प्रभावों से प्रेरित होकर सहकारिता के माध्यम से बड़े स्तर पर ऑर्गेनिक खेती की शुरूआत की।

## नैनो न्यूज

- **भोपाल में सीलिंग कार्रवाई पर फिलहाल रोक-** आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ चल रही सीलिंग कार्रवाई पर राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय समिति बनने तक अस्थायी रोक लगा दी है।
- **एमपीपीएससी परीक्षा में 64 प्रतिशत उपस्थिति-** एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के दूसरे चरण में प्रदेशभर में लगभग 64 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि इंदौर में उपस्थिति 54 प्रतिशत रही।
- **प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट-** भारतीय मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के कई जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना जताई है।
- **मुरैना में जमीन विवाद बना खूनी संघर्ष,-** ताबड़तोड़ फायरिंग में दो की मौत, तीन लोग हुए घायल
- भोपाल में जुटे प्रदेशभर के आउटसोर्स कर्मचारी, नौकरी की सुरक्षा और हरियाणा मॉडल लागू करने की मांग
- **सागर में दर्दनाक हादसाः** घोघरा वॉटरफॉल में डूबने से 12वीं के छात्र की मौत, दोस्तों के साथ घूमने गया था; कोहराम

चिंटू-पिंटू की लड़ाई में दिखा दिया विरोधाभास

# कांग्रेस की खींचतान ने चुनाव को भी कटघरे में खड़ा किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कांग्रेस में तालमेल की कमी नजर आने लगी है। 2 दिन पहले जब चिंटू चौकसे और पिंटू जोशी के बीच जो कहासुनी हुई है उसमें एक बार फिर संगठन को विचार करने को मजबूर कर दिया है। ये माना जा रहा है कि नगर निगम चुनाव के पहले कांग्रेस को अपनी एकता दिखानी पड़ेगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनो नगर निगम चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीटिंग रखी थी, इस मीटिंग में नेताओं को चर्चा के लिए बुलाया था। इसी दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और तीन नंबर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके पिंटू जोशी के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनों के बीच झगड़ा होने के बाद मामला बदल गया और बैठक में सन्नाटा छा गया था। जीतू पटवारी ने दोनों का समझौता तो करवा दिया लेकिन पूरा मामला चचाओं में आ गया है और शहर कांग्रेस अध्यक्ष के प्रति भी नाराजगी है वह दिखने लगी है। क्योंकि कई मामलों में एकजुटता नहीं दिख रही है। शुरुआत में ही चिंटू चौकसे का आडियो भी वायरल हो गया था, जो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के खिलाफ था। उस मामले में जीतू पटवारी ने जैसे तैसे समझौता करवाया था।

### कांग्रेस तैयारियों से पहले आपस में ही भिड़ते हुए नजर आ रही

नगर निगम चुनाव अगले साल है और कांग्रेस तैयारियों से पहले आपस में ही भिड़ते हुए नजर आ रही है। कारण यह है कि दोनों के बीच समन्वय नहीं बन पा रहा है। संगठन के कार्यकर्ता और शहर कांग्रेस अध्यक्ष कई मुद्दों पर आपसी लड़ाइयों में उलझे हुए दिख रहे है। चिंटू चौकसे जब नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष थे तो उनकी कुर्सी को लेकर भी सवाल किए गए थे और उसके बाद ऊपर से मिले इशारे पर उन्हें हटा दिया था। बाद में महिला को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दे दी। अलग-अलग विधानसभाओं में कार्यकताओं के मनाने का जिम्मा चिंटू चौकसे को दिया गया है ,परन्तु वो इसमें कामयाब होते कम दिख रहे है। कई जगह खींचतान दिख रही है। भीड़ लाने में तो चौकसे माहिर है लेकिन समन्वय के मामले में कमजोर दिख रहे है। वजह यही है कि नगर निगम में लगातार कांग्रेसकी हार हो रही है, ऐसे में सीटों को बढ़ाने के लिए क्या किया जाए। इन्दौर नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की संख्या हर साल बढ़ नहीं पा रही है।

### सांवेर विधानसभा में भी उनकी घुसपैठ दिखाई दे रही

पिछली बार 85 वार्डों में से तीन तिहाई सीटें भाजपा ने जीती थी। बाद में कुछ पार्षदों ने कांग्रेस भी छोड़ दी थी। ऐसी स्थिति में उनके लिए बड़ी संख्या दिखाई दे रही है। अब वोटों को बढ़ाने के लिए कांग्रेस काम तो कर रही है लेकिन कई मुद्दों पर वह विफल हो जाती है। जीतू पटवारी ने भी पूरी ताकत लगा दी है कि जैसे तैसे स्थिति बदल जाए परन्तु ये नहीं हो रहा है। कब ऐसा होगा ये बड़ी बात है। वानखेड़े ने संभाली स्थिति-जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने अपना असर दिखा दिया है। वे पूर्व विधायक है और जीतू पटवारी के करीबी माने जाते है। जब उन्हें कमान सौंपी थी तो इस बात की चिंता थी कि जिले में विरोध का भाव है परन्तु कार्यकताओं को संभालने का काम उन्होंने कर दिया है। सांवेर विधानसभा में भी उनकी घुसपैठ दिखाई दे रही है। इस बात की भी चर्चा होने लगी है कि वे यहां से चुनाव लड़ सकते है।

## व्याख्यान एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन, इंदौर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं रसायन शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान तथा विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन तथा रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. नीलू मालवीय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. ऋषिना नातू ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय का भारतीय विज्ञान एवं उद्योग में योगदानः विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आचार्य राय ने भारतीय वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक रसायन विज्ञान और स्वदेशी उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूत आधार प्रदान किया। उनका जीवन भारतीय ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक अनुसंधान, स्वावलंबन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकार तैयार

# मध्यप्रदेश में सितंबर माह में होंगे छात्रसंघ चुनाव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

2017 के बाद से मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए थे। इसे लेकर जबलपुर निवासी छात्र अदनान अंसारी ने जनहित याचिका दायर कर प्रदेश में लंबित छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की थी।

सोमवार को एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए। सरकार ने कोर्ट में जवाब पेश कर बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छात्रसंघ चुनाव कराए जाएंगे और इसके लिए सितंबर माह प्रस्तावित है। सरकार के इस आश्वासन के बाद हाईकोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।

इससे पहले तीन सप्ताह पूर्व हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा था कि अब केवल आश्वासन और बहानों से काम नहीं चलेगा। सरकार को चुनाव की निश्चित तारीख बतानी होगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर पेश करने के साथ छात्रसंघ चुनाव की तारीख घोषित करने और छात्रसंघ गठन की पूरी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सरकार ने सितंबर में चुनाव कराने का प्रस्ताव कोर्ट के समक्ष रखा। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद प्रदेश के नौ विश्वविद्यालयों से संबद्ध सैकड़ों कॉलेजों के लाखों छात्र छात्रसंघ चुनाव में भाग ले सकेंगे।

### चुनाव शुल्क वसूली पर भी उठे सवाल

याचिकाकर्ता अदनान अंसारी ने आरोप लगाया है कि छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के बावजूद विश्वविद्यालय लगातार छात्रों से चुनाव शुल्क वसूल रहे हैं। उनका दावा है कि यह राशि करोड़ों रुपये तक पहुंच चुकी है। उन्होंने मांग की है कि सरकार इस रकम का पूरा हिसाब भी कोर्ट के सामने पेश करे।

### 2017 से रुके छात्रसंघ चुनाव अब सितंबर में

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अक्षरदीप ने बताया कि 2017 के बाद से सरकार ने पहले कोरोना महामारी और बाद में अन्य परिस्थितियों का हवाला देकर छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए। इसके कारण छात्रसंघों का गठन भी नहीं हो सका। अब सरकार ने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सितंबर में चुनाव कराने की जानकारी दी है।

## डीएवीवी विश्वविद्यालय परिसर में कथित राजनीतिक गतिविधियों की जांच की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर शहर कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष यश यादव ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति/कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क के नाम पर संचालित कथित राजनीतिक गतिविधियों एवं सदस्यता अभियान की निष्पक्ष जांच की मांग की है। यश यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है कि हेल्प डेस्क के नाम पर छात्रों से सदस्यता करवाई जा रही है तथा राजनीतिक गतिविधियों का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

यदि वीडियो में दिखाई गई जानकारी सत्य पाई जाती है, तो यह विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थान की गरिमा एवं निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर छात्रों के अध्ययन, शोध एवं व्यक्तित्व विकास का केंद्र है। ऐसे परिसर में किसी भी प्रकार की राजनीतिक सदस्यता विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित कर सकती हैं। कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। यदि जांच में कोई व्यक्ति या संगठन विश्वविद्यालय परिसर का उपयोग राजनीतिक सदस्यता अभियान अथवा राजनीतिक गतिविधियों के लिए करता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमों एवं प्रचलित विधिक प्रावधानों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाए।

कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने जीएम से की सीधी चर्चा

# वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने महाप्रबंधक रामाश्रय पांडे का किया स्वागत, सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम मंडल द्वारा पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पांडे जी के उज्जैन आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए मंडल मंत्री श्री अभिलाष नागर ने महाप्रबंधक महोदय का ध्यान कर्मचारियों के महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित किया और उनके शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।

इस अवसर मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्विनी कुमार सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से चैतन्य चौधरी (संयुक्त मंडल मंत्री एवं शाखा सचिव), जी.आर. जरिया,अविनाश श्रीवास, श्रीमती ऊषा खिची , रणजीत सिंह, अक्षय चौधरी,अखिलेश परिहार, सिद्धिक नागौरी, अशोक टंडन, किशोर सिंह एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

### ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें व बिंदु



1 लोको पायलटों की रतलाम वापसीः पालनपुर में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किए गए लोको पायलटों को पुनः रतलाम मंडल में स्थानांतरित करने का निवेदन किया गया। 2 सेफ्टी कैटेगरी एवं विभागीय पदोन्नतिः पश्चिम रेलवे में विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं के शीघ्र आयोजन तथा सेफ्टी कैटेगरी (सुरक्षा श्रेणी) के रिक्त पदों को शीघ्र भरने हेतु महाप्रबंधक महोदय से विस्तृत चर्चा की गई। 3 हेल्थ यूनिट का विस्तारः उज्जैन स्थित रेलवे हेल्थ यूनिट का उप-मंडलीय चिकित्सालय के रूप में विस्तार करने की मांग की गई। 4 नए रेल आवास निमार्णः रेल कर्मचारियों के लिए नए रेल आवासों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने का विषय रखा गया। 5 पॉइंटमैन का ड्यूटी रोस्टरः मंडल में कार्यरत पॉइंटमैन की ड्यूटी का रोस्टर 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने का आग्रह किया गया। 6 नाइट पेट्रोलिंग बीट का युक्तिकरणः रेलवे ट्रैक की नाइट पेट्रोलिंग (रात की गश्त) की बीट काफी लंबी होने के कारण ट्रैक मेन्टेनर कर्मचारियों को आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया गया और बीट के किलोमीटर की दूरी अधिकतम 12 किमी तक करने की मांग रखी गई। 7 स्थानीय स्थानांतरण नीति में संशोधनः रतलाम मंडल में जारी लोकल ट्रांसफर पॉलिसी में वेरेमस द्वारा दिए गए सुझावों को तत्काल लागू करने, तथा पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों से रतलाम मंडल में स्थानांतरण हेतु कर्मचारियों को स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र कार्यमुक्त करने की मांग की गई। 8 लिपिकीय संवर्ग के पदों का रिडिस्ट्रीब्यूशन के प्रस्ताव को निरस्त करनाः मुख्य इंजीनियर चर्चगेट द्वारा लिपिकीय संवर्ग को जूनियर इंजीनियर के पदों में पुनर्वितरित करने के प्रस्ताव का विरोध दर्ज कराया गया। संघ ने ध्यान दिलाया कि कार्यालय अधीक्षक (डर) के पद पहले से ही काफी संख्या में रिक्त हैं, जिन पर निचले कर्मचारियों की पदोन्नति लंबित है। अतः इन पदों को परिवर्तित न किया जाए।

# 5 अगस्त को आंदोलन और स्वैच्छिक बंद

## जन-समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

बड़नगर विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भारी जन-समस्याओं, प्रशासनिक लापरवाही और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली के विरोध में 5 अगस्त 2026 (बुधवार) को बड़नगर शहर में पूर्ण स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया गया है।

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में होने वाले इस विशाल 'जन आक्रोश' आंदोलन में बुधवार प्रातः 7 बजे से बड़नगर में पूर्ण स्वैच्छिक बंद रहेगा व दोपहर 2 बजे गांधी चौक पर धरना किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (रऊट), कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) और नगरपालिका सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों को 68 सूत्रीय मांगों का 'जन आक्रोश' पत्र जिसमें बड़नगर शहर और ग्रामीण अंचलों की दुर्दशा का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है अधिकारी गण को सौंपा जाकर समस्याओं को दूर करने का निवेदन किया जावेगा कांग्रेस का आरोप है कि 'जल जीवन मिशन' और 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था, कॉलोनियों में बारिश का जलभराव, रुके हुए विकास कार्य और सरकारी कार्यालयों में आम जनता की सुनवाई न होना, प्रधानमंत्री फसल बीमा की रुकी हुई राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। मंडियों में तौल की अनियमितताएं रोकी जाएं, पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए और कृषि कार्यों के लिए किसानों को दिन में बिजली दी जाए।, दर्जनों गांवों (जैसे पीरझालर, भैंसलाकलां, खड़ोतिया, रुनीजा, जाफला आदि) की जर्जर सड़कों, उखड़ी पाइपलाइनों और टूटी पुलियाओं का तत्काल नवनिर्माण हो। ठेकेदारों की लापरवाही की जांच हो।, नगर में शुद्ध पेयजल का संकट खत्म हो, नियमित साफ-सफाई और मच्छरों के लिए फॉगिंग कराई जाए। अघोषित बिजली कटौती व भारी-भरकम बिलों से जनता को निजात दिलाई जाए। साथ ही, सरकारी दस्तावेजों और नामांतरण से जुड़े अटके कामों को तुरंत पूरा किया जाए। बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग स्थापित हों और नशे पर लगाम लगे। ठएएळ परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई हो (जिसके लिए गृह मंत्री से माफी की मांग की गई है)। इसके अतिरिक्त अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी मामले की जांच की भी मांग उठाई गई है।, शासकीय अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो। गरीब व पात्र लोगों को 'पीएम आवास योजना', 'स्वनिधि योजना', और 'वृद्धावस्था पेंशन' का सीधा लाभ दिलवाने की मांग इस आंदोलन के मुख्य रुप से रखी गई है । बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारि निलेश शर्मा, वनिषराज कटारिया, मुस्ताक खान, भारत चौधरी, मांगूसिंह राठौर, दिनेश पटेल, भानुप्रतापसिंह राठौर, विशाल जाट, संदीप बैरागी, प्रवीण वड़छा, राहुल सोलंकी, सुरेंद्रसिंह पंवार, अकलाख शेख, इकबाल पटेल, शरीफ शाह, जगमोहन यादव, निर्मल जाट, हीरालाल चौधरी, जितेन्द्र जाट, बालाराम कुंडलेवती एवं कांग्रेस समर्पित जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, पार्षदगण ने अपील की है कि जनहित के इन ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए आमजन स्वैच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

# महिला श्रद्धालु की आस्था ने कांवड़ियों को भी किया प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर शहर में शिव भक्ति और दृढ़ संकल्प का एक अद्भुत उदाहरण देखने को मिला है। भिंड जिले के अति प्राचीन और प्रसिद्ध वनखंडेश्वर मंदिर से पैदल यात्रा पर निकलीं महिला श्रद्धालु वंदना राठौर रविवार को इंदौर पहुंचीं। कंधे पर भगवान भोलेनाथ की 11 किलोग्राम वजनी प्रतिमा लेकर चल रहीं वंदना की इस निष्ठापूर्ण पदयात्रा को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित और अभिभूत है। वंदना राठौर ने अपनी इस यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने यह पदयात्रा 17 जून को भिंड से शुरू की थी। उनका मुख्य लक्ष्य 70 दिन की अवधि में लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय करना है। इंदौर के इस पड़ाव के बाद यह यात्रा कुल 2 महीने 10 दिन का समय पूरा कर-के वापस भिंड पहुंचकर विधिवत संपन्न होगी। जब वह भारी-भरकम शिव प्रतिमा को कंधे पर उठाकर इंदौर पहुंचीं, तो स्थानीय निवासियों और अन्य शिवभक्तों ने उनका स्वागत किया।

पवित्र सावन मास के दौरान इंदौर में आस्था के ऐसे अनोखे दृश्य लगातार देखने को मिल रहे हैं। वंदना के साथ इस आध्यात्मिक यात्रा में मुरैना निवासी नितिन शर्मा भी शामिल हैं। यह दोनों ही श्रद्धालु उज्जैन स्थित विश्वप्रसिद्ध बाबा महाकाल के दर्शन करने के उद्देश्य से निकले हैं। यात्रा के दौरान वंदना लगातार 11 किलोग्राम वजनी भगवान शिव की प्रतिमा को अपने कंधे पर रखकर सफर तय कर रही हैं।

### प्रतिदिन 10 से 23 किलोमीटर का सफर

भिंड निवासी वंदना राठौर ने अपनी दिनचर्या के बारे में बताते हुए कहा कि वह प्रतिदिन 10 से 23 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करती हैं। भगवान शिव की 11 किलोग्राम वजनी प्रतिमा को हमेशा कंधे पर धारण किए रहना उनकी अटूट श्रद्धा को दशार्ता है। उनकी यह पूरी पदयात्रा लगभग 70 दिनों में समाप्त होगी। रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न मंदिरों और स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा उनके रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था की जाती है। उज्जैन में महाकाल के दर्शन पूर्ण करने के पश्चात वह भी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगी।

### 48 दिन से जारी है नितिन का सफर

मुरैना के रहने वाले नितिन शर्मा ने बताया कि उन्होंने मुरैना शहर से लगभग 500 किलोमीटर लंबी पदयात्रा का संकल्प लिया है। उनकी इस यात्रा को चलते हुए 48 दिन का समय बीत चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाकाल मंदिर में दर्शन और पूजन करने के बाद वे आगे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए भी जाएंगे।

# आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा नहीं सफलता



बहुत खुशी की बात है कि शिक्षा को लेकर देश में बड़ी उथल-पुथल मची है। इसी मंथन से नया ढांचा तैयार होगा। अब तक हम बड़े आत्म-संतुष्ट थे कि हमारी शिक्षा सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन उसके जो परिणाम निकल रहे हैं, उनसे पता चल रहा है कि कहीं कोई बुनियादी चूक है, अन्यथा इतना असंतुष्ट नई पीढ़ी तैयार नहीं होती। सवाल है, युवाओं में इतना आक्रोश कहां से आता है?

ओशो स्वयं एक शिक्षक थे और उन्होंने उस समय भी शिक्षा की स्थिति से व्यथित होकर आमूल-चूल बदलाव के सुझाव दिए थे। आज भी वे उतने ही मौजूं हैं, जितने उस समय थे, क्योंकि समाज में कुछ भी नहीं बदला है। ओशो कहते हैं कि महत्वाकांक्षा से बड़ा दूसरा कोई जहर नहीं, लेकिन महत्वाकांक्षा के सिवाय हम और क्या सिखाते हैं? पहले ही वर्ष से बच्चों को हम आगे निकलने की होड़ सिखाते हैं। प्रतिस्पर्द्धा में प्रथम आना। ये उपदेश बड़े मीठे मालूम पड़ते हैं, पर प्रथम आने की दौड़ मनुष्य को विक्षिप्त करती रही है, यह हमें ख्याल भी नहीं है। मनुष्य के मन को महत्वाकांक्षा कहां पहुंचाती है? जब कोई व्यक्ति प्रथम आने की कोशिश में लगा होता है, तब वह प्रथम आने की खुशी नहीं होती, बल्कि वह दूसरों को दुखी करने का सुख होता है। जो पीछे छूट गए हैं और जिनकी आंखें आंसुओं से भरी हैं, उन्हीं से वह मुस्कराहट निर्मित होती है, जो प्रथम आने वाले की थी।

महत्वाकांक्षा इसलिए अनिवार्य रूप से हिंसा सिखाती है। वह हिंसा का गहरे से गहरा परिणाम है। ऊपर से दिखाते हैं सब कि दोस्त हैं, लेकिन अंदर से सभी दुश्मन मालूम होते हैं, और फिर जब एक बार युवा होते-होते तक चित्त इसमें दीक्षित हो जाता है, तो फिर जीवन भर इसी दौड़ में दौड़ता है। फिर किनके कंधों पर पैर रखने पड़ते हैं, किनकी लाशों को सीढ़ियां बनानी पड़ती है, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जैसे हर बीज फूल बनने के लिए पैदा होता है, ठीक उसी तरह हर व्यक्ति अपने गुणों की खिलावट के लिए पैदा होता है। अपनी संभावनाओं को वास्तविक करने के लिए पैदा होता है। इसलिए दो बच्चों की तुलना करना बंद करें। तुलना बहुत घातक है। यह बच्चे के आत्म-विश्वास को कमजोर कर देती है। यहां हरेक मनुष्य अनूठा है, कोई इंसान दूसरे जैसा हो भी नहीं सकता।



सम्पादकीय

## बेटियों का कमाल

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन हर्षित करने वाला तो है ही, यह भविष्य के लिए बहुत उम्मीदें भी देता है। पदक तालिका में चौथे स्थान पर भारत उस स्थिति में खड़ा है, जब भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे वाले कई खेल इस बार के आयोजन में शामिल ही नहीं किए गए थे। बावजूद इसके भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लासगो में तिरंगे को बार-बार शिखर पर पहुंचाया और 140 करोड़ से अधिक देशवासियों को गौरवान्वित किया। हमारे खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और जूडो में शानदार प्रदर्शन किया है, बल्कि पहली बार बॉक्सिंग में सात स्वर्ण पदक जीते हैं। सबसे अहम बात यह है कि बेटियों ने स्वर्ण पदकों की झड़ी लगा दी। मीरा बाई चानू से जो शुरूआत हुई, तो फिर इस कतार में शर्मिला, अस्मिता, प्रीति पवार, साक्षी चौधरी, प्रिया धंधास, अरुंधति चौधरी, जैस्मिन जैसे नाम जुड़ते चले गए। अब ये सिर्फ नाम नहीं हैं, देश की हजारों-लाखों बेटियों की प्रेरणा-स्रोत हैं। इनमें से एकाधिक लड़कियां तो बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आई हैं। उनका सबसे ऊंचे पोडियम पर खड़ा होना खास गौरवशाली है। वे न सिर्फ अपने जैसी अनगिनत प्रतिभाओं को प्रेरित करेंगी, बल्कि हमारे खेल से जुड़े कर्ता-धर्ताओं को और उत्साहित करेंगी कि वे ग्रामीण क्षेत्रों पर भी ध्यान दें।

इसमें कोई दोराय नहीं कि बीते कुछ वर्षों में देश में खेल-संस्कृति का तेजी से विकास हुआ है। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी दिलचस्पी और ख्खेलो इंडियाख्न जैसे कार्यक्रमों का इसमें अहम योगदान है। इस क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश भी बढ़ा है और बड़े पैमाने पर युवा अब इसे करियर के तौर पर अपनाने लगे हैं। हालांकि, इस संस्कृति के निर्माण में क्रिकेट का सबसे बड़ा योगदान है। आईपीएल की शुरूआत ने देश के छोटे-छोटे शहरों को कई सितारे दिए और उन पर पैसों की बरसात ने समाज की पूरी मनोदशा बदल दी। परिवार अवरोधक के बजाय सहायक की भूमिका में आने लगे। सबसे बड़ा बदलाव तो लड़कियों के मामले में आया है। पहले बेटियों के लिए खेल-क्षेत्र में बहुत बाधाएं थीं, मगर अब वे भी सपने देख रही हैं और उनको साकार कर रही हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक तालिका उनकी प्रतिभा और जिजीविषा की कहानी खुद कह रही है। इस बड़े बदलाव का एक पहलू यह भी है कि अब भी हिंदी हृदयस्थल के सूबों से एथलेटिक्स में उतने खिलाड़ी उभरकर सामने नहीं आ रहे, जितने हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, केरल, महाराष्ट्र, असम और मणिपुर जैसे प्रदेशों से निकल रहे हैं और यह बात इन राज्य सरकारों को चुनौती के रूप में लेनी चाहिए।

### लक्ष्मण रेखा का रखे ध्यान

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या अश्लीलता का महिमामंडन?



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

जंतर-मंतर लोकतांत्रिक भारत का वह सार्वजनिक मंच है जहाँ नागरिक अपनी बात सरकार और समाज तक पहुँचाने के लिए एकत्र होते हैं। यह स्थान संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। लेकिन जब किसी विरोध प्रदर्शन में भाषा की मर्यादा टूट जाती है, गाली-गलौज को प्रतिरोध का औजार बना दिया जाता है और अश्लीलता को साहस का पर्याय बताकर उसका उत्सव मनाया जाने लगता है, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा क्या है? क्या लोकतंत्र में विरोध का अर्थ हर प्रकार की भाषा और व्यवहार को वैध ठहराना है? या फिर स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व भी जुड़ा हुआ है?

हाल के दिनों में जंतर-मंतर पर कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग चर्चा का विषय बना। इस पर समाज का एक वर्ग इसे पितृसत्ता के विरुद्ध विद्रोह और निर्भीक स्त्री की आवाज बताकर समर्थन करता दिखाई दिया। दूसरी ओर अनेक लोगों ने इसे सामाजिक मर्यादा, सार्वजनिक शालीनता और संवैधानिक जिम्मेदारी के विरुद्ध माना। यह बहस केवल किसी एक घटना की नहीं, बल्कि उस दिशा की है जहाँ समाज अभिव्यक्ति की सीमाओं को पुनर्परिभाषित करने की कोशिश कर रहा है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(क) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है। लेकिन यही संविधान अनुच्छेद 19(2) के माध्यम से यह भी स्पष्ट करता है कि यह स्वतंत्रता पूर्णतः निरंकुश नहीं है। सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टाचार, नैतिकता, मानहानि, न्यायालय की अवमानना और राष्ट्र की सुरक्षा जैसे आधारों पर इस स्वतंत्रता पर युक्तिसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अर्थात संविधान स्वयं यह स्वीकार करता है कि स्वतंत्रता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलती हैं।

किसी भी लोकतंत्र में विरोध का अधिकार आवश्यक है। सरकार की आलोचना, नीतियों पर प्रश्न और असहमति लोकतांत्रिक व्यवस्था की शक्ति हैं। लेकिन यदि विरोध की भाषा समाज में घृणा, अश्लीलता या हिंसक मानसिकता को बढ़ावा देने लगे तो उसका मूल्यांकन केवल ₹स्वतंत्र अभिव्यक्ति₹ के आधार पर नहीं किया जा सकता। सार्वजनिक जीवन में प्रयुक्त भाषा समाज की संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों पर भी प्रभाव डालती है।

यह भी विचारणीय है कि यदि कोई पुरुष सार्वजनिक मंच से उसी प्रकार की भाषा का प्रयोग करे, तो क्या समाज और कानून की प्रतिक्रिया वही होगी जो किसी महिला के मामले में होती है? यदि उत्तर ₹नहीं₹ है, तो यह समानता के सिद्धांत के अनुरूप नहीं माना जा सकता। समान अधिकारों का अर्थ समान उत्तरदायित्व भी है। यदि कानून किसी पुरुष द्वारा की गई अश्लील या आपत्तिजनक अभिव्यक्ति पर कार्रवाई करता है, तो वही मानक महिलाओं पर भी लागू होना चाहिए। इसी प्रकार यदि किसी महिला के विरुद्ध अनुचित भाषा स्वीकार्य नहीं है, तो पुरुषों के विरुद्ध भी वैसी भाषा को सामान्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

आज सामाजिक विमर्श में एक चिंता यह भी है कि कभी-कभी वैचारिक प्रतिबद्धताएँ निष्पक्षता पर भारी पड़ जाती हैं। यदि किसी घटना का मूल्यांकन व्यक्ति के विचार, राजनीतिक झुकाव या लिंग के आधार पर किया जाएगा, तो न्याय और समानता दोनों प्रभावित होंगे। किसी भी पक्ष का अंध-समर्थन लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। व्यक्ति नहीं, व्यवहार और सिद्धांत मूल्यांकन का आधार होने चाहिए।

पितृसत्ता, लैंगिक असमानता और महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय वास्तविक सामाजिक प्रश्न हैं। इनके विरुद्ध संघर्ष भी आवश्यक है। लेकिन यह संघर्ष यदि गरिमा, तर्क और संवैधानिक मर्यादा के साथ चले तो उसका नैतिक बल अधिक होता है। अश्लील भाषा या अपमानजनक व्यवहार को केवल इसलिए उचित नहीं ठहराया जा सकता कि उसका उद्देश्य किसी व्यवस्था का विरोध है। उद्देश्य जितना महत्वपूर्ण है, साधन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

सोशल मीडिया के दौर में उत्तेजक भाषा तुरंत वायरल हो जाती है। इससे कई बार ऐसा भ्रम पैदा होता है कि जितनी अधिक आक्रामक या विवादास्पद अभिव्यक्ति होगी, उतनी ही प्रभावी मानी जाएगी। जबकि लोकतंत्र का वास्तविक सौंदर्य विचारों की शक्ति में है, न कि शब्दों की कटुता में। इतिहास बताता है कि स्थायी परिवर्तन तर्क, संवाद और नैतिक साहस से आते हैं, केवल उत्तेजना से नहीं।

कानून के समक्ष सभी नागरिक समान हैं। यही भारतीय गणराज्य की मूल भावना है। इसलिए यदि सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र भाषा, अश्लील प्रदर्शन या किसी वर्ग के प्रति अपमानजनक वक्तव्य कानून के दायरे में अपराध की श्रेणी में आते हैं, तो उनका आकलन व्यक्ति की पहचान देखकर नहीं, बल्कि उसके आचरण के आधार पर होना चाहिए। समानता का अर्थ विशेष छूट नहीं, बल्कि समान मानदंड है।

यह भी आवश्यक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और घृणास्पद या अश्लील भाषण के बीच स्पष्ट सामाजिक और कानूनी समझ विकसित हो। न्यायालय समय-समय पर यह कह चुके हैं कि असहमति लोकतंत्र का आधार है, लेकिन यह असहमति हिंसा, घृणा या सार्वजनिक शिष्टाचार के उल्लंघन का माध्यम नहीं बन सकती। अतः यदि कानूनों में कहीं अस्पष्टता है, तो उस पर व्यापक सार्वजनिक विमर्श और आवश्यक कानूनी सुधार किए जा सकते हैं, ताकि नागरिकों को स्पष्ट दिशा मिल सके।

समाज को भी आत्ममंथन करना होगा। क्या हम अपने बच्चों को यह सिखाना चाहते हैं कि साहस का अर्थ मर्यादा छोड़ देना है? क्या निर्भीकता का अर्थ भाषा की गरिमा समाप्त कर देना है? या फिर वास्तविक साहस वह है जो कटु परिस्थितियों में भी अपने विचारों को संयम, स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रख सके?

लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होना चाहिए, परंतु सार्वजनिक जीवन की गरिमा भी उतनी ही आवश्यक है। यदि हम समानता की बात करते हैं तो समान उत्तरदायित्व भी स्वीकार करना होगा। कानून का व्यवहार व्यक्ति के लिंग, विचारधारा या सामाजिक पहचान के अनुसार नहीं, बल्कि उसके कृत्य के अनुसार होना चाहिए। यही संविधान की भावना है और यही न्याय का आधार भी। अंततः प्रश्न केवल जंतर-मंतर की किसी एक घटना का नहीं है। प्रश्न यह है कि हम आने वाले भारत की सार्वजनिक संस्कृति कैसी बनाना चाहते हैं।

## दफ्तर की एक टूटी कुर्सी

विकास भवन के तीसरे तल्ले पर बने समाज कल्याण विभाग का वह अंधेरा कोना सालों से एक अजीब सी खामोशी का गवाह था जहाँ एक पुरानी और चरमराती हुई टूटी कुर्सी रखी रहती थी। उस कुर्सी की एक टाँग में लकड़ी की गुल्ली ठुकी हुई थी और उसकी गद्दी का फोम इस कदर बाहर निकल आया था जैसे कोई पुराना जख्म बार-बार उधड़ता रहता हो। उस पूरी इमारत में हर साहब की मेज और कुर्सी बदल जाती थी लेकिन उस कोने में रखी कुर्सी कभी नहीं हटाई जाती थी। दफ्तर के नए चपरासी से लेकर बड़े बाबू तक जब भी उस रास्ते से गुजरते तो उस कुर्सी को देखकर एक हल्की सी चुटकी लेते या फिर नजरें फेरकर आगे बढ़ जाते थे। उस टूटी कुर्सी पर हर सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला आकर बैठ जाती थी जिसके हाथों में एक मटमैला प्लास्टिक का थैला होता था। उस थैले में कुछ पुराने कागजात और एक फाइल बड़ी हिफाजत से लिपटकर रखी रहती थी। दफ्तर के लोग उन्हें केवल इस बात के लिए जानते थे कि वे बिना किसी से ज्यादा बहस किए घंटों उस अनकंफर्टेबल कुर्सी पर टिकी रहती थीं। अगर कोई गलती से उनसे पूछ बैठता कि माता जी आप यहाँ इतनी तकलीफ में क्यों बैठती हैं तो वे बस अपने आँचल से मुँह ढककर एक धीमी सी मुस्कान दे देती थीं।

उस दफ्तर में बड़े बाबू के पद पर तैनात रमेश चंद्र जी बड़े ही कड़क और कायदे-कानून के पक्के इंसान माने जाते थे जिनकी टेबल पर बिना फाइल के कोई काम आगे नहीं सरकता था। रमेश चंद्र जब भी अपनी घूमती हुई रिवॉल्विंग चेयर पर बैठते तो उनकी नजरें अनायास ही उस कोने में बैठी महिला पर चली जाती थीं। एक दिन चाय के कप में चम्मच घुमाते हुए उन्होंने चपरासी से पूछा ₹अरे रामू यह बुढ़िया हर सोमवार को आकर उसी टूटी कुर्सी पर क्यों जम जाती है, क्या इसका कोई काम अटका हुआ है जो महीनों से पूरा नहीं हो रहा? रामू ने गमछे से मेज पोंछते हुए कहा साहब यह तो पिछले तीन सालों से आ रही हैं, किसी पेंशन की अर्जी लेकर आती हैं।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 अगस्त 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:03 सूर्यास्त 19:03
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - षष्ठी 22:03 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - रेवती 21:54 उपरांत अश्विनी
योग - धृति 19:32 उपरांत शूल
करण - गर
चन्द्रमा - मीन में है। 21:54 पर मेष में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 20

**मेष-** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृषभ-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मिथुन-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**कर्क-** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा।

**वृश्चिक-** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**धनु-** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मकर-** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**कुंभ-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे।

**मीन-** तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा।

समसामयिक

## एक कलाकार से कहीं बड़ा बन गया एक नाम – किशोर कुमार



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

समय बहुत कुछ छीन लेता है, लेकिन कुछ स्वर उसकी पकड़ से बाहर रह जाते हैं। वे उम्र नहीं गिनते, पीढ़ियाँ जोड़ते हैं। जब भी वे सुनाई देते हैं, मन के बंद दरवाजे बिना आहट खुलने लगते हैं। किशोर कुमार उसी विरल परंपरा के कलाकार हैं। 4 अगस्त 1929 को खंडवा में जन्मे आभास कुमार गांगुली ने संगीत को केवल मनोरंजन नहीं रहने दिया; उसे मनुष्य की निजी स्मृतियों का सबसे विश्वसनीय साथी बना दिया। उनकी जयंती इसलिए याद रहती है क्योंकि यह उस आवाज का दिन है जिसने हँसी को भी सुर दिया और पीड़ा को भी गरिमा। उनके स्वर में जीवन के लगभग सभी रंग बसते थे। इसलिए उनका हर गीत सुनते ही बीता हुआ समय अनायास वर्तमान में लौट आता है। बड़े कलाकार जन्म से नहीं, साधना से पहचान पाते हैं। खंडवा के आभास कुमार गांगुली की यात्रा भी ऐसी ही थी। पिता कुंजीलाल गांगुली वकील थे, बड़े भाई अशोक कुमार सिनेमा में स्थापित। उनके बुलावे पर वे मुंबई पहुँचे। 'शिकारी' से अभिनय शुरू हुआ, पर मन गायकी में रमा। संगीत की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली; सुनना, आत्मसात करना और स्वर देना ही उनकी साधना थी। आरंभ में के.एल. सहगल का प्रभाव रहा, लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली। 'ज़िद्दी' का 'मरने की दुआएँ क्यों माँगूँ' पहली बड़ी पहचान बना। फिर 1969 में 'आराधना' ने इतिहास रच दिया। 'मेरे सपनों की रानी' और 'रूप तेरा मस्ताना' ने सिद्ध किया कि कई बार नायक से पहले उसकी आवाज लोगों के दिलों पर राज करती है।

जब कोई कलाकार भावनाओं की भाषा बन जाता है, तब उसके गीत समय की सीमा नहीं मानते। किशोर कुमार के लिए सत्तर का दशक ऐसा ही स्वर्णकाल था। 'चिंगारी कोई भड़के' में विरह की आँच है, 'ये शाम मस्तानी' में जीवन की खुली मुस्कान, 'ये जो चिलमन है' में चंचल शरारत और 'ज़िंदगी के सफर में' में समय का निर्विकार सत्य। 'मेरे सामने वाली खिड़की में' यह साबित करता है कि हँसी भी उतनी ही गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति हो सकती है जितनी करुणा। लगभग सत्ताईस सौ गीतों का उनका संसार केवल उपलब्धि नहीं, भारतीय संवेदनाओं का जीवित अभिलेख है। प्रेम, पीड़ा, मस्ती, दर्शन, आशा और निराशा– मानवीय अनुभव का शायद ही कोई रंग हो जिसे उनकी आवाज ने स्पर्श न किया हो। बहुत कम आवाजें चेहरों नहीं, व्यक्तित्वों की पहचान बनती हैं। किशोर कुमार का स्वर किसी एक नायक तक सीमित नहीं रहा। राजेश खन्ना की रोमानी आभा, अमिताभ बच्चन का तेज, देव आनंद की चपलता और धर्मेंद्र की देसी सहजता–हर रूप में सहज ढल गया। आर.डी. बर्मन के साथ उनकी जुगलबंदी ने हिंदी फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयाँ दीं। 'दम मारो दम', 'जाने जाँ ढूँढ़ता फिर रहा' और 'चुरा लिया है तुमने' ने युवाओं की धड़कनों को नई लय दी। एस.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और कल्याणजी-आनंदजी के साथ उन्होंने अनगिनत कालजयी गीत रचे। 'हमें तुमसे प्यार कितना', 'हाय रे वो दिन क्यों न आए' और 'खाइके पान बनारस वाला' बताते हैं कि उनकी आवाज हर भाव की स्वाभाविक अभिव्यक्ति थी।

कुछ लोग अपनी कला से पहचाने जाते हैं, कुछ अपनी कला की सीमाएँ तोड़कर। किशोर कुमार दूसरी श्रेणी के कलाकार थे। गायकी उनकी पहचान अवश्य बनी, पर अभिनेता, संगीतकार, गीतकार और फिल्मकार के रूप में भी उन्होंने 'झुमरू', 'दूर गगन की छाँव में' और 'दूर का राही' जैसी फिल्मों से गहरी मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्ति दी। 'दूर गगन की छाँव में' आज भी एक सैनिक के मन की सबसे मार्मिक सिनेमाई अभिव्यक्तियों में गिनी जाती है। कला के सम्मान पर समझौता उन्हें स्वीकार नहीं था।

# सेंधा नमक खाने की धार्मिक परंपरा और वैज्ञानिक कारण

सावन का पवित्र महीना भगवान शिव आराधना, उपवास और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सावन सोमवार, शिवरात्रि तीज और अन्य व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान भोजन को लेकर विशेष नियमों का पालन किया जाता है और इन्हीं नियमों में एक महत्वपूर्ण परंपरा है कि सामान्य नमक की जगह केवल सेंधा नमक का ही सेवन किया जाए। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी कारण भी बताए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार व्रत का उद्देश्य केवल भोजन का त्याग करना नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि करना भी होता है। इसलिए व्रत में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है जो प्राकृतिक, सात्विक और कम से कम प्रसंस्कृत हों। सेंधा नमक प्राकृतिक रूप से चट्टानों से प्राप्त होता है और इसे बड़े स्तर की रासायनिक प्रक्रिया से नहीं गुजारा जाता। इसी कारण इसे शुद्ध और सात्विक माना जाता है, जबकि सामान्य नमक फैक्ट्रियों में प्रसंस्करण के बाद तैयार होता है और उसमें आयोडीन सहित अन्य तत्व मिलाए जाते हैं। धार्मिक परंपराओं में इसी वजह से सामान्य नमक की बजाय सेंधा नमक को व्रत के लिए उपयुक्त माना गया है।



वैज्ञानिक दृष्टि से भी सेंधा नमक कई मामलों में लाभकारी माना जाता है। उपवास के दौरान लंबे समय तक सामान्य भोजन न लेने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन प्रभावित हो सकता है। सेंधा नमक इस संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है और थकान तथा कमजोरी को कम करने में सहायक माना जाता है।

विशेषज्ञों के अनुसार सेंधा नमक में सामान्य नमक की तुलना में सोडियम अपेक्षाकृत कम और पोटेशियम, मैग्नीशियम जैसे खनिज अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यही कारण है कि इसे पाचन तंत्र के लिए अपेक्षाकृत हल्का माना जाता है। व्रत के दौरान साबूदाना, कुट्टू, सिंघाड़े का आटा, दही, फल और अन्य फलाहारी व्यंजनों में सेंधा नमक का उपयोग इसलिए किया जाता है ताकि शरीर को आवश्यक खनिज भी मिलते रहें।

सेंधा नमक की तासीर भी अपेक्षाकृत ठंडी मानी जाती है। मान्यता है कि यह शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखने, पाचन को बेहतर रखने और लंबे समय तक उपवास के दौरान होने वाली थकान को कम करने में मदद कर सकता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह भी सलाह देते हैं कि सेंधा नमक हो या सामान्य नमक, दोनों का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

विशेष परिस्थितियों जैसे गर्भावस्था, अधिक उम्र या किसी बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए लंबे समय तक खाली पेट रहना उचित नहीं माना जाता। ऐसे लोगों को डॉक्टर की सलाह के अनुसार संतुलित फलाहार और आवश्यक मात्रा में सेंधा नमक का सेवन करना चाहिए, ताकि शरीर में कमजोरी या इलेक्ट्रोलाइट की कमी न हो।

धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों ही यह बताते हैं कि व्रत के दौरान सेंधा नमक का उपयोग केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि शरीर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अपनाई गई एक संतुलित व्यवस्था भी है। हालांकि किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या की स्थिति में उपवास और खानपान से जुड़ा निर्णय चिकित्सकीय सलाह के अनुसार ही लेना चाहिए।

धर्म-आस्था

# हनुमानजी को इन्द्र, सूर्य, वरुण और ब्रह्मा आदि देवताओं ने क्या वर दिए?



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

श्रीराम ने हाथ जोड़कर दक्षिण दिशा में निवास करने वाले अगस्त्य मुनि से कहा कि महर्षि! इसमें सन्देह नहीं कि बालि और रावण के बल की तुलना नहीं थी परन्तु मेरा विचार है कि इन दोनों का बल भी हनुमानजी के बल की बराबरी नहीं कर सकता था। शूरता, दक्षता, बल, धैर्य, बुद्धिमत्ता, नीति, पराक्रम और प्रभाव इन सभी सद्गुणों ने हनुमानजी के भीतर घर कर रखा है। ये महाबाहु वीर धैर्य से एक ही छलांग में सौ योजन समुद्र को लाँघ गए। रावण के अन्तःपुर में गए। अशोक वाटिका में सीताजी से मिले, उनसे वातार्लाप कर धैर्य बँधाया। अशोक वन में इन्होंने अकेले ही रावण के सेनापतियों, मंत्री, कुमारों, किंकरों तथा रावण पुत्र अक्षय को मार गिराया। तदनन्तर ये मेघनाद के नागपाश से बँधे और स्वयं ही मुक्त हो गए। तत्पश्चात इन्होंने रावण से वातार्लाप किया। लंकापुरी को जलाकर भस्म किया। मुनीश्वर! मैंने तो इन्हीं के बाहु-बल से विभीषण के लिए लंका, शत्रुओं पर विजय, अयोध्या का राज तथा सीता, लक्ष्मण मित्र और बन्धुजनों को प्राप्त किया है।

एतन्मे भगवन् सर्वं हनूमति महामुने।
विस्तरेण यथातत्वं कथयामरपूजिता।
वाल्मीकिरामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 35-13

देवबन्धु महामुने! भगवन! आप हनुमानजी के विषय में ये सब बातें यथार्थरूप से विस्तारपूर्वक बताइए।

श्रीरामचन्द्रजी के ये युक्तियुक्त वचन सुनकर अगस्त्यजी हनुमानजी के समक्ष यह बोले- श्रीराम! हनुमानजी के विषय में आप जो कुछ कहते हैं, वह सब सत्य ही है। बल-बुद्धि और गति में इनकी बराबरी करने वाला दूसरा कोई नहीं है। भगवान सूर्य के वरदान से जिनका स्वरूप सुवर्णमय हो गया है, ऐसा एक सुमेरू नाम से प्रसिद्ध पर्वत है, जहाँ हनुमानजी के पिता केसरी राज्य करते हैं। उनकी अंजना नाम से विख्यात पत्नी थीं। उनके गर्भ से वायुदेव ने एक उत्तम पुत्र को जन्म दिया। एक दिन माता अंजना फल लाने के लिए निकली और गहन वन में चली गई। उस समय माता से बिछुड़ जाने और भूख से अत्यन्त व्याकुल होने के कारण बालक (शिशु) हनुमान जोर-जोर से रोने लगे। उन्हें लाल रंगवाले सूर्यदेव उदित होते दिखाई दिए। हनुमानजी ने उन्हें कोई फल समझा और वे उस फल के लोभ से सूर्य की ओर उछल पड़े। उन्हें उड़ता देख देवताओं, दानवों और यक्षों को बड़ा आश्चर्य हुआ।

अपने पुत्र को सूर्यदेव की ओर जाते देखकर दाह के भय से बचाने के लिए उस समय वायुदेव (पवनदेव) भी बर्फ के ढेर की भाँति शीतल होकर उनके पीछे-पीछे चलने लगे। सूर्यदेव ने यह सोचकर कि अभी यह बालक है इसे गुण-दोष का ज्ञान नहीं है और इसके अधीन देवताओं को भी बहुत सा भावी कार्य होना है अतः उन्हें जलाया नहीं। बालक हनुमान को देखकर इन्द्र को अधिक क्रोध नहीं आया। फिर भी इस प्रकार धावा करते हुए इन्द्र ने बालक हनुमान पर उन्होंने अपने हाथ से छूटे हुए वज्र के द्वारा प्रहार किया। इन्द्र के वज्र की चोट खाकर हनुमान एक पहाड़ पर गिरे वहाँ गिरते समय इनकी बायीं ठुड्डी टूट गई। वज्र के आघात से व्याकुल होकर इनके गिरते ही वायुदेव इन्द्र पर कुपित हो गए। उनका यह क्रोध प्रजाजनों के लिए बहुत हानिकारक हुआ। सामर्थ्यवान मारूत (पवनदेव) ने समस्त प्रजा के साथ रहकर भी वहाँ अपनी गति समेट ली। श्वास आदि के रूप में संचार रोक दिया और अपने शिशु पुत्र हनुमान को लेकर वे पर्वत की एक गुफा में घुस गए।

वायुप्रकोपाद् भूतानि निरुच्छ्वासनि सर्वतः।
संधिभिर्भिद्यमानैश्च काष्ठभूतानि जज्ञिरे।।
वाल्मीकि रामायण उत्तरकाण्ड सर्ग 35-51

वायु के प्रकोप से समस्त प्राणियों की साँस बन्द होने लगी। उनके सभी अंगों के जोड़ टूटने लगे और वे सब के सब काठ के समान चेष्टा शून्य हो गए।

तदनन्तर गन्धर्व, देवता, असुर और मनुष्य आदि सभी प्रजा दुःखी होकर सुख प्राप्त करने की इच्छा से ब्रह्माजी के पास गए। प्रजाजनों की यह बात सुनकर ब्रह्माजी ने कहा- इसमें कुछ कारण है ऐसा कहकर वे प्रजाजनों से फिर बोले- आज देवराज इन्द्र ने राहु की बात सुनकर वायु के पुत्र को मार गिराया, इसीलिए वे क्रोधित हो गए हैं। ब्रह्माजी ने कहा अदिति पुत्रों! अब हमें उस स्थान पर चलना चाहिए, जहाँ हम सबको पीड़ा देने वाले पवनदेव छिपकर बैठे हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,600 चांदी- टंच- 2,20,500 पाट- 2,20,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## बिंदु लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**आगर मालवा।** आगर मालवो उज्जैन के निजी होटल में इंडियन ब्यूटी ऑगेर्नाइजेशन एवं निजी संस्थाओं के तत्वावधान में आयोजित मेगा ब्यूटी प्रतियोगिता में आगर मालवा की सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट एवं ब्यूटीशियन बिंदु खमोरा को ब्यूटी क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीवी धारावाहिक ह्यदिया और बाती हम' की प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका सिंह उपस्थित रहीं। बिंदु खमोरा ने अनेक युवतियों को ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया, वहीं आर्थिक रूप से कमजोर कई बालिकाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिंदु खमोरा ने दिल्ली, अमृतसर, गुरुग्राम, इंदौर, उज्जैन सहित देश के विभिन्न शहरों में आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भाग लेकर कई सम्मान प्राप्त किए हैं। उनकी इन्हीं उपलब्धियों और लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## तिल भाण्डेश्वर महादेव ने किया नगर भ्रमण



**तराना।** सावन माह के प्रथम सोमवार के पवन अवसर पर तिल भाण्डेश्वर महादेव का प्रथम नगर भ्रमण सोमवार को दोपहर 2:30 बजे पूजन, आरती तथा पुलिस गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात प्रारंभ हुआ। तिलभांडेश्वर की सवारी तलाब की पाल, नयापुरा,खाकरी पूरा, तेजाजी चोक सहित नगर के प्रमुख होते हुए निकली समापन तिलभांडेश्वर मंदिर परिसर में हुआ।नगर के प्रमुख मार्गों पर सवारी का स्वागत किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण भी उपस्थित रहे। नगर भ्रमण के पश्चात रात्रि में महाप्रसादी का वितरण हुआ।इस दौरान पुलिस प्रशासन की माकूल वेवस्था रही।

## भारतीय किसान संघ का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न

**शाजापुर।** भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग रविवार को संपन्न हुआ। शहर के एक निजी होटल में 1 और 2 अगस्त को आयोजित इस वर्ग में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिले के 191 कार्यकताओं ने आगामी सदस्यता अभियान में 2 लाख 1 हजार किसानों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर प्रांत महामंत्री रमेश दांगी ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य राष्ट्र हित के साथ किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। उन्होंने आगामी सदस्यता अभियान के लक्ष्य और जिले में प्रस्तावित मातृशक्ति सम्मेलन की तैयारियों पर भी मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में संभाग सह मंत्री बहादुर सिंह राजपूत ने संगठन ध्वज की विशेषताओं, भगवा ध्वज के महत्व और भगवान बलराम को कृषि देवता मानने की परंपरा पर जानकारी दी।

### कार ने चार को रौंदा, बाइक सवार 20 फीट उछले

# घायल की सिर की हड्डी कार के बोनट में फंसी, भीड़ ने कार ड्राइवर को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में इंदौर मार्ग पर शिप्रा के समीप लोहार पिपलिया क्षेत्र में रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में दो बाइक सवार और दो बुजुर्ग महिलाएं घायल हो गईं। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने कार ड्राइवर की पिटाई की और वाहन में तोड़फोड़ भी की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देवास से इंदौर की ओर जा रही कार की रफ्तार काफी तेज थी। कार ने सबसे पहले बाइक सवार पवन पटेल और नारायण को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों करीब 15 से 20 फीट दूर उछलकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।



**आगे के हिस्से में फंसी रही कार**

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद बाइक कार में ही फंस गई और कार का एक टायर भी फट गया। वहीं एक घायल के सिर की हड्डी कार के बोनट में फंस जाने की बात भी सामने आई। घायल गली बाई ने बताया कि कार ने पहले बाइकों को टक्कर मारी, हम पैदल जा रही थे तो हमें भी टक्कर मार दी।

इसके बाद अनियंत्रित कार ने पैदल जा रही बुजुर्ग महिलाओं गलीबाई और भगवंताबाई को भी रौंद दिया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक घायल के सिर की हड्डी कार के बोनट में फंस गई थी। बाइक कार में फंसने के कारण चालक उसे लगभग 15 फीट तक घसीटता रहा, जिसके बाद कार रुक गई।

हादसे में गलीबाई के हाथ में चोट आई, जबकि भगवंताबाई के सिर में गंभीर चोट लगी। चारों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने पवन, नारायण और भगवंताबाई की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें इंदौर रेफर कर दिया है।

सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस कार ड्राइवर से पूछताछ कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**कार में खाली शराब की बोतलें मिली**

कार की डिक्की से बड़ी संख्या में खाली शराब की बोतलें भी मिली हैं, जिससे ड्राइवर के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे ड्राइवर को पकड़ लिया, उसकी पिटाई की और गुस्से में कार में तोड़फोड़ कर दी।

### न्यूनतम पेंशन बढ़ाने संसद में मुद्दा उठाउंगा- सांसद

# देवास में डीए से भी जोड़ने पर जोर, महेंद्र सिंह से मिलने पहुंचे पेंशनर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में ईपीएस-1995 पेंशनरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर रविवार को देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से मुलाकात की। मध्यप्रदेश औद्योगिक पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा, जिसमें न्यूनतम पेंशन बढ़ाने और उसे महंगाई भत्ते (डीए) से जोड़ने की मांग की गई। सांसद सोलंकी ने पेंशनरों को भरोसा दिलाया कि वे उनकी मांगों को संसद में प्रमुखता से उठाएंगे और संबंधित केंद्रीय मंत्री से चर्चा करेंगे।

संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष शशिकांत वझे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सांसद के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पहुंचा। ज्ञापन में ईपीएस-1995 के तहत न्यूनतम पेंशन में वृद्धि, उसे महंगाई भत्ते से जोड़ने और वर्षों से लंबित अन्य मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की गई।



संघ के पदाधिकारियों माखन सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल शर्मा और महामंत्री पदमाकर जोशी ने बताया कि वर्ष 2021 में लोकसभा और राज्यसभा में कई सांसदों ने ईपीएस-1995 पेंशनरों की पेंशन वृद्धि का मुद्दा उठाया था। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में न्यूनतम पेंशन बढ़ाने और उसे डीए से जोड़ने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। संघ ने राज्यसभा की समिति की अनुशंसाओं का हवाला देते हुए जल्द निर्णय लेने की मांग की।

गिरधारीलाल शर्मा ने जानकारी दी कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत कई बार जानकारी मांगी गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ज्ञापन में केंद्र सरकार से वर्तमान संसद सत्र में ही ईपीएस-1995 पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने और उसे डीए से जोड़ने की घोषणा करने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर पेंशनरों ने आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी दी।

सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने एक बार फिर दोहराया कि वे इस विषय को संसद में उठाएंगे और संबंधित केंद्रीय मंत्री से स्वयं चर्चा कर पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# मोबाइल हैंग करना पड़ा महंगा, खाते से 2.54 लाख रुपये पार

### साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मोबाइल हैंग होने के बाद बैंक खातों से लाखों रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शुजालपुर मंडी निवासी एक युवक के तीन बैंक खातों से अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए 2 लाख 53 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। जिला साइबर सेल की ई जीरो एफ आईआर के आधार पर शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मार्केटिंग सोसायटी के पास रहने वाले पंकज पंवार ने शिकायत दर्ज कराई कि 27 जुलाई की रात उनका मोबाइल अचानक हैंग होकर बंद हो गया। अगले दिन शुजालपुर में मोबाइल ठीक कराने का प्रयास किया, लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। इसके बाद 29 जुलाई को सीहोर स्थित सर्विस सेंटर पर मोबाइल ठीक कराया। शिकायतकर्ता के अनुसार 30 जुलाई की सुबह मोबाइल चालू कर फ ोन पे पर बैंकिंग हिस्ट्री देखने पर पता चला कि 28 और 29 जुलाई को उनके भारतीय स्टेट बैंक और इंडसइंड बैंक खातों से कई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुए हैं। पहले उनके पिता के खाते से 57 हजार रुपये उनके इंडसइंड बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए और फि र वह राशि निकाल ली गई। इसके अलावा उनके स्वयं के खातों से भी अलग-अलग किश्तों में 40 हजार, 42 हजार, 15 हजार, 39 हजार 999 रुपये तथा एक लाख रुपये सहित कुल 2 लाख 53 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। मामले की शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज होने के बाद जिला साइबर सेल द्वारा ई जीरो एफ आईआर शुजालपुर मंडी थाने भेजी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ऑनलाइन लेन-देन और संबंधित बैंक खातों की जानकारी जुटाकर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## मौलाना की भगवान शिव-ब्रह्माजी पर टिप्पणी पुतला फूंका, पोस्टर पर मारे चप्पल-जूते



**देवास।** देवास में मौलाना जर्जिस अंसारी के कथित विवादित बयानों के विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। रविवार को सयाजी द्वार पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस दौरान मौलाना का पुतला दहन किया गया और पुतले पर लगे पोस्टर को चप्पल-जूते मारे गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मौलाना की टिप्पणियां धार्मिक आस्थाओं को आहत करती हैं। उन्होंने ऐसी टिप्पणियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह विवाद मौलाना जर्जिस अंसारी के एक कथित वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद शुरू हुआ। इससे पहले भी उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर कथित विवादित बयान दिया था, जिस पर विवाद खड़ा हुआ था। अब उनके भगवान शिव और भगवान ब्रह्मा से संबंधित कथित टिप्पणियों को लेकर विभिन्न संगठनों ने आपत्ति जताई है। विरोध करने वाले संगठनों का कहना है कि ऐसे बयान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं, और इसलिए उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बेरछा स्टेशन पर मालवा एक्सप्रेस से गिरा युवक:गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**बेरछा।** बेरछा रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे मालवा एक्सप्रेस से एक युवक गिर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसका उपचार जारी है। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के दौरान घायल की पहचान झांसी निवासी समीर (पिता बन्ने) के रूप में हुई है। हादसे में सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार घायल फिलहाल बोलने की स्थिति में नहीं है, जिसके चलते यह साफ नहीं हो पाया है कि वह कहां से सवार हुआ था और उसे किस स्टेशन जाना था।म मालवा एक्सप्रेस से गिरने के बाद झाड़ियों में गंभीर हालत में पड़ा मिला। हादसे के बाद एक बार फिर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की सुस्त कार्यशैली सामने आई। बेरछा स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर रूप से घायल समीर को जिला अस्पताल ले जाने के लिए करीब एक घंटे तक 108 एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा।

## निर्माणाधीन मकान की छत पर काम करते समय करंट लगने से मजदूर की मौत

**मोहन बड़ोदिया।** थाना क्षेत्र में दोपहर एक निर्माणाधीन मकान की छत पर काम कर रहे 18 वर्षीय मजदूर की 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। मृतक की पहचान ग्राम बरनावद निवासी राहुल पिता जगदीश जाटव (18) के रूप में हुई है। करंट लगने से राहुल गंभीर रूप से झुलस गया था। उसके साथी मजदूरों ने तत्काल उसे नीचे उतारा और मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मृतक के साथी मजदूर अंकित ने बताया कि सभी मजदूर छत पर निर्माण कार्य कर रहे थे। मकान के ऊपर से 11 केवी बिजली लाइन गुजर रही थी।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आबिद हुसैन नागौरी पिता अब्दुल अजीज नागौरी (ABID HUSAIN NAGORI S/O ABDUL AJIJ NAGORI) निवासी 132, केप्टन हीरासिंह मार्ग हाऊस नम्बर 55 से एण्ड तक महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443 का निवासी होकर आज दिनांक 18/07/2026 से अपना पुराना नाम की स्पेलिंग बदलकर नया नाम आबिद हुसैन नागौरी (AABID HUSSAIN NAGORI S/O ABDUL AJIJ NAGORI) रख लिया है अतः आज के बाद मुझ अपने नये नाम से जाना जावे एवं इसे नाम से व्यवहार किया जावे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- श्रीमती पुजा पति अमर येवले निवासी 411-412, सनसिटी महालक्ष्मी नगर, इन्दौर 2 श्रीमती कल्पना पति श्री सुनिल चौधरी निवासी 31, रविन्द्र नगर, पी.डब्ल्यू.ओ वर्कशॉप के सामने, पलासिया, इन्दौर (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 28 रकबा 2.150 हेक्टर स्थित ग्राम कड़छा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया होकर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनांक :- 03/08/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने अनिल पिता सुरेशसिंह निवासी भंवरासला इन्दौर एवं हाजी जाकिर पटेल पिता हाजी सिकन्दर पटेल निवासी पत्थर मुण्डला इन्दौर से उनके स्वमित्व एवं आधिपत्य की ग्राम करोंदिया स्थित भूमि सर्वे नम्बर 91 रकबा 2.72 हेक्टर मे से. रकबा 0.80 हेक्टर भुमि को कृय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बेंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष में रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथ्वा उक्त भुमि के किसी भी वैध उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस मे मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सूचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित में बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 03/08/2026

**जाकिर हुसैने एडव्होकेट**
**पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चोक उन्हेल**
**तहसील नागदा जिला उज्जैन**
**मो 98278-47404 एवं 99260-66398**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- नरेन्द्रसिंह पिता श्री भंवरसिंह, 2-जालमसिंह पिता श्री भंवरसिंह, निवासीगण - ग्राम कड़छली तहसील व जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 233/2/1 रकबा 0.18 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 232/2 रकबा 0.88 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 247 रकबा 0.37 हेक्टेयर, कुल किता 3 कुल रकबा 1.43 हेक्टेयर स्थित ग्राम कड़छली तहसील व जिला उज्जैन में है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 03/08/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड क्रमांक 83 स्थित शिवाजी पार्क कॉलोनी उज्जैन जिसका क्षैत्रफल 135.00 वर्गमीटर एवं भूखण्ड क्रमांक 83 के पास लगी दक्षिण तरफ की अतिरिक्त खुली भूमि क्षैत्रफल 19.52 वर्गमीटर इस प्रकार कुल क्षैत्रफल 154.52 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार पूर्व में- भवन क्रमांक 65, पश्चिम में- कॉलोनी कि सड़क, उत्तर में- भवन क्रमांक 82 एवं दक्षिण में-कॉलोनी कि सडक स्थित है। यह कि उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार दीपराज लालवानी पिता किशोरकुमार जी ने इसके पूर्वस्वामी श्रीमति गीता धनवानी पति नारायणदास धनवानी से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक MP432022021A150819 दिनांक 30/06/2021 के माध्यम से क्रय किया है तथा मेरे पक्षकार ने आज दिनांक तक उक्त संपत्ति को विक्रय आदि करने हस्तातंरण करने का कोई अनुबधं किसी व्यक्ति तथ संस्था से नहीं किया है तथा मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त संपति को कोई व्यक्ति बाले बाले कुट रचित दस्तावेजों के माध्यम से विक्रय करना चाहता है अतः सूचित किया जाता हैं कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त उल्लेखित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार का कोई अनुबधं सौदा चिटठी आदि नहीं करे यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसा कोई समव्यवहार कोई संपत्ति के संबंध में किया जाता है तो उससे होने वाले समस्त परिणाम एवं वैधानिक कार्यवाहियों के लिये ऐसा व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**


# 10 लाख लोन के नाम पर 3.70 लाख रुपये की ठगी

### युवक से धोखाधड़ी; पुलिस से कार्रवाई की मांग

अवन्तिका ▸▸ मोहन बड़ोदिया

शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन लोन दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 3 लाख 70 हजार 86 रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बड़ोदी निवासी राजेश भैसानिया (24) ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर 2025 को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को धनी फाइनेंस का कर्मचारी बताते हुए 10 लाख रुपए का लोन दिलाने का भरोसा दिया। पैसों की जरूरत होने के कारण उन्होंने प्रक्रिया शुरू कर दी।



आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस, टीडीएस, सर्विस चार्ज, जीएसटी, ट्रांसफर चार्ज, पहली किस्त, इंश्योरेंस, आरबीआई वेरिफिकेशन, इंटरसिटी चार्ज और स्टांप ड्यूटी सहित कई मदों के नाम पर किश्तों में रकम जमा करवाई। भुगतान यूपीआई आईडी, क्यूआर कोड और अलग-अलग बैंक खातों में कराया गया।

राजेश के अनुसार जनवरी से मार्च 2026 तक वे आरोपियों के झांसे में आकर भुगतान करते रहे। जून 2026 में भी नए मोबाइल नंबरों से संपर्क कर दोबारा पैसे मांगे गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर पूरे मामले की जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**पैसे भेजने से मना किया तो देने लगे धमकियां**

पीड़ित ने बताया कि हर बार अगला भुगतान करने पर 10 लाख रुपए का लोन और जमा की गई पूरी राशि लौटाने का आश्वासन दिया गया। जब उन्होंने पैसे भेजना बंद किया तो आरोपियों ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया। साथ ही पुलिस कार्रवाई, बर्बाद करने और 25 लाख रुपए का फर्जी लोन दिखाकर ईएमआई चालू करने की धमकियां भी दीं।


**कार्यालय नगर परिषद सोयतकलाँ जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**
**कार्यालय फोन : 07361-232039 मेल पता :cmosetkala@mpurban.gov.in**
**क्रमांक / राजस्व/1012** **सोयतकलाँ, दिनांक : 29/7/2026**

## सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण मिठाई बनाने वाले व्यवसाईयों एवं रंगीन मल्टीकलर कार्ड छपाई करने वालों को सूचित किया जाता है कि 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस पर्व हेतु मिठाई बनाई जाना, रंगीन मल्टीकलर कार्ड छपवाये जाना आवश्यकता अनुसार होती है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति अपने-अपने भावपत्र (कोटेशन) सीलबंद लिफाफे में दिनांक 05.08. 2026 को समय 03:00 बजे तक स्थान नगर परिषद् कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त कार्य में निम्नानुसार अमानत राशि उसी दिन दिनांक 05.08.2026 को कार्यालयीन समय दोपहर 01:00 बजे तक अमानत राशि जमा की जाना अनिवार्य होगा।
कोटेशन उसी दिनांक 05.08.2026 को प्राप्त भावपत्र आपकी समक्षता में समय सायं 5:00 बजे खोले जावेगे।
विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र | विवरण | अमानत राशि | दर | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मिठाई (नुक्ति) | 2000/- | प्रति किलो में | शुद्ध मूंगफली के तेल में। |
| 2. | आमंत्रण कार्ड | 500/- | प्रति नग | रंगीन मल्टीकलर छपाई हेतु कार्ड कागज नमूना भावपत्र के साथ देवें। |

**शर्तेः- मिठाई (नुक्ति) हेतु**
1. नुक्ति/मिठाई मूंगफली के तेल में बनाई जाकर दी जाना है। (पृथक-पृथक)
2. कोटेशन देने के पूर्व अमानत राशि जमा की जाना आवश्यक है।
3. मिठाई संबंधित स्कूलों को पृथक-पृथक तोलकर नगर परिषद् निर्देशानुसार संबंधितों को दी जाना होगी।
4. नुक्ति अच्छी क्वालिटी बारिक दाने की बनाई जाना है।
5. मिठाई की मात्रा कम अथवा अधिक की जा सकती है।
6. अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**शर्तेः- आमंत्रण कार्ड हेतु**
1. कार्ड कार्य आदेश में नियत दिनांक के पूर्व तैयार कर समय-सीमा में देना अनिवार्य है।
2. कार्ड संख्या कम व अधिक की जा सकती है।
3. अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी अधिकारी**
**नगर परिषद् सोयतकतकलां**
**जिला आगर मालवा**

In The Court of Principal Judge, Family Court, Ujjain (M.P.) Presiding Officer:
**श्री संजीव कुमार गुप्ता**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MJC GW/07/2026)
**मायाबाई**
**Vs**
**सर्वसाधारण**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 10/09/2026**

**प्रेषिती**
सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी मायाबाई पति स्व. किशोर कुमावत, आयु 34 वर्ष, व्यवसाय मजदूरी, निवासी 37, मयूर नगर कॉलोनी, मक्सी रोड़, ग्राम पंवासा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) ने आपके विरूद्ध धारा 8 व 9 गार्जियन वाईस एक्ट में कु. किरण, कु. बुलबुल एवं लखन की संरक्षा प्राप्त करने हेतु याचिका प्रस्तुत की है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद/याचिका का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 16/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(संजीव कुमार गुप्ता)**
**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन

# 'नशा मुक्त युवा अभियान' से जुड़कर 395 छात्रों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



भारत सरकार के MyGov पोर्टल के अंतर्गत संचालित नशा मुक्त युवा अभियान के तहत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, आकली में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का सामूहिक प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 395 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना और नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने की। इस अवसर पर उप प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक सहित वरिष्ठ शिक्षक अजब सिंह भिलाला, प्रकाश शर्मा, अंजनी कुमार गौड़, उन्नति तिवारी, मंजू विश्वकर्मा, रविश अंजुम एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा शिक्षा, खेल और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और नशा मुक्त भारत का सपना युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा।

कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्परिणामों पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई।

वरिष्ठ शिक्षक अजब सिंह भिलाला ने विद्यार्थियों को MyGov पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद कई विद्यार्थियों ने पोर्टल पर पंजीकरण कर अभियान से जुड़ते हुए नशा मुक्ति की मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

#### जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण, समाज में जन-जागरूकता फैलाने तथा स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस अभियान को युवाओं में सकारात्मक सोच, अनुशासन, सामाजिक उत्तर दायित्व और स्वस्थ जीवन मूल्यों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**सुसनेर।** सावन माह में कांवड़ यात्रा एवं सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक आगर मालवा के मार्गदर्शन में शनिवार को थाना प्रभारी अक्षय बेस ने नगर के प्रमुख शिव मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंचदेहरिया महादेव मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा कानून-व्यवस्था की तैयारियों का अवलोकन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई और उनकी कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया।

### राजपूत एवं राजोरे को अध्यक्ष की कमान

**सारंगपुर।** भारतीय युवक कांग्रेस के संगठन विस्तार और मजबूती को ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष अमन अरोरा द्वारा वरिष्ठ नेताओं की सहमति से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस दौरान स्थानीय निकायों में युवाओं को प्रतिनिधित्व देते हुए ऊजार्वान कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। सारंगपुर के युवा नेता लखन राजपूत को युवक कांग्रेस सारंगपुर का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं अंकित राजोरे (बंसी) को युवक कांग्रेस पचौर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### हर घर तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक बने नागर

**सारंगपुर।** हर घर तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए भाजपा ने राजगढ जिले में छह सदस्यीय जिला स्तरीय टोली का गठन किया है, जिसमें सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के नेता एवं पूर्व जिला मंत्री जगदीश नागर को जिला संयोजक बनाया गया है। जबकि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलम सक्सेना को तिरंगा यात्रा सह संयोजक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाली देशव्यापी हर घर तिरंगा यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय विशेष समिति (टोली) की घोषणा कर दी गई है।

### काल भैरव मंदिर निर्माण में दिया सहयोग

**सारंगपुर।** कालीसिंध नदी के किनारे बन रहे काल भैरव क्षेत्रपाल मंदिर के निर्माण कार्य के लिए महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिवार को 5 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। मंडल के पदाधिकारियों ने निर्माण स्थल का दौरा कर कार्य का जायजा लिया और मंदिर समिति को सहयोग राशि सौंपी। मंदिर निर्माण से जुडे नितिन बाबा ने बताया कि यह निर्माण कार्य 8 जून 2026 से जनसहयोग के माध्यम से निरंतर आगे बढ रहा है। महादेव मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में समाज की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने अन्य श्रद्धालुओं से भी सहयोग की अपील की।

### यूनिवर्सल स्कूल तराना में रोबोटिक्स लैब शुरू

**तराना।** शिक्षा में आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में यूनिवर्सल स्कूल, तराना में अत्याधुनिक रोबोटिक्स लैब का शुभारंभ किया गया। संस्था के चेयरमैन श्री अशोक चावड़ा ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।डायरेक्टर अंकित चावड़ा ने लैब में उपलब्ध कोडिंग, रोबोटिक्स किट, सेंसर, 3ऊ मॉडलिंग एवं 3ऊ प्रिंटिंग जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। प्राचार्य विनोद बोस ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा दी जाएगी तथा शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह पहल एन ई पी 2020 के तहत स्किल-बेस्ड एजुकेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के अंत में कॉर्डिनेटर आशीष शर्मा एवं नेहा पांडे ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### संगठन सृजन कार्यक्रम में बोले विधानसभा प्रभारी

# संगठन को जमीनी कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही मजबूत बनाती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जगोटी



कोई भी संगठन जमीनी कार्यकर्ताओं की सक्रियता से मजबूत बनता है संगठन सृजन कार्यक्रम कांग्रेस आलाकमान की ऐसी सोच का परिणाम है जो निचले स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके सम्मान, सहयोग व समन्वय की रणनीति तय करेगा।

उक्त उद्गार महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रभारी सुनील वर्मा ने शनिवार को ग्राम पंचायत जगोटी परिसर में कांग्रेस के जगोटी मंडलम के तहत आने वाली पंचायतों के अध्यक्ष व बीएल ए 2 की बैठक में व्यक्त किए। आपने कहा कि आने वाले समय में हमें निरंतर संगठन व आम आदमी की समस्याओं को लेकर सक्रिय होकर कार्य करना है। अध्यक्षता करते हुए महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना ने ब्लाक स्तर पर पंचायत इकाईयों के गठन व निर्वाचन नामावली को लेकर नियुक्त पार्टी अभ्यर्थियों के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि संगठन व पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि है उनकी मंशानुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है हमें निरंतर संघर्ष करते हुए संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाकर आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अपनी ताकत दिखानी है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अनिल आंचलिया, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरालाल आंजना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जीतेंद्र मंडोरा, विक्रमसिंह महूडी, रवि बोडाना, सुनील पंवार ने भी सुझाव रखे। इस अवसर पर मुन्ने खां पठान, मोहनलाल परमार, रणछोड़ पटेल महूडी, ईश्वर जाधव, जगदीश डाबिया, भरत मालवीय बरखेड़ी, गोपाल गिरी मैलानिया, अनिल शर्मा ताजपुर, गरीब खां मालीखेडी, संदीप आंजना, धनसिंह पटेल, कैलाश पंवार, सुरेश पंवार, आदि मौजूद थे। संचालन डा चैनसिंह चौधरी व आभार अनंत शर्मा ने व्यक्त किया। इससे पूर्व विधानसभा प्रभारी श्री वर्मा का कांग्रेस जगोटी मंडलम द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।



# सेन्ट मार्टिन के छात्रों का जिला स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा हेतु चयन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

जिला स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता मे तहसील के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने शनिवार को भाग लिया। जिसमे सेंट मार्टिन स्कल के 12 छात्र छात्राओं का विभिन्न वर्गों में चयन हुआ।

प्रतियोगिता हर वर्ग के छात्र छात्राओं की हुई। जिनमे से सेंट मार्टिन के विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हर वर्ग में अपनी जगह बनाई । बालक वर्ग अंडर 19 में युवराज एवं हर्षित , बालक वर्ग अंडर 17 में एल्विन एवं नीरज , बालक वर्ग अंडर 14 में आलोक , दिव्यांश , प्रिंस एवं अक्षत बालिका वर्ग अंडर 17 में दिलीशा , परिधि , जया एवं मिली का चयन हुआ । सेंट मार्टिन परिवार की ओर से संचालक फादर जॉर्ज , प्रिंसिपल जेनेट जॉर्ज , स्कूल मैनेजर नवीन कुमार भगोरिया ,शिक्षक जितेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को जिला स्तर पर चयन होने पर शुभकामनाये प्रेषित की एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करी । उक्त जानकारी मैनेजर नवीन कुमार भगोरिया द्वारा दी गयी ।

### संगठन ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति- ओम मालवीय-

**तनोडिया** । भारतीय जनता पार्टी मंडल तनोडिया की मासिक बैठक संगठन के मजबूती के लिए एवं आगामी संगठनत्मक कार्यक्रम को गति प्रदान करने हेतु आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यकताओं का उत्साह, अनुशासन एवं संगठन के प्रति समर्पण अत्यंत प्रेरणादायक है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के संकल्प को पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहा है,यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कही। 2028 विधानसभा जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाकर पार्टी को विजय की ओर पहुंचने का संकल्प ले।

# महिला की शिकायत पर पीछा करने, धमकी देने का प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

मक्सी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने, पीछा करने, धमकी देने एवं अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला ने शिकायत में बताया कि जुलाई माह के दौरान एक आरोपी उसके घर पहुंचा और उसके नाम से कथित वीडियो होने की बात कहकर उसे दिखाने का प्रयास किया। महिला द्वारा मना करने पर आरोपी ने कथित रूप से वीडियो गांव में वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बाद में दो अन्य आरोपी भी कई बार उसके घर के आसपास पहुंचे तथा उसे परेशान करते हुए अशोभनीय इशारे करते रहे। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके नाम से एक अन्य महिला का वीडियो प्रसारित कर गांव में उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया।

महिला ने घटना की जानकारी अपने पति और परिजनों को दी। इसके बाद मामला थाने पहुंचा। शिकायत के आधार पर मक्सी थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रक्तदान से मानवीय संवेदनाओं को मजबूती मिलती है- सागर परमार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया

पत्नी की असमय मृत्यु ने युवक को स्वेच्छा से रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। भैंसला खुर्द निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सागर परमार ने पत्नी मुस्कान परमार की द्वितीय पुण्यतिथि पर चरक अस्पताल उज्जैन पहुंच कर रक्तदान किया। 26 वर्ष की उम्र में सागर अब तक 23 बार रक्तदान कर चुके हैं। कई रक्तदान शिविर भी आयोजित किए हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से सेवा,सहयोग, और मानवीय संवेदनाओं को नई मजबूती मिलती हैं। युवाओं से आव्हान किया कि आपका रक्तदान का छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ की बैठक संपन्न




दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी

जैन तीर्थ में अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवक महासंघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भारत सरकार सुनील सिंघी रहे।

भगवान पार्श्वनाथ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ बैठक प्रारंभ हुई। संगीतकार शांतिलाल कोठारी द्वारा नवकार महामंत्र गायन हुआ। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा जावरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।अध्यक्षीय संबोधन में महासंघ की आगामी कार्ययोजना के बारे में बताया गया। आगामी अक्टूबर माह में राष्ट्रीय सेमिनार श्री केसरिया जी तीर्थ में होने की घोषणा की।पर्यावरण हित में 15 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरे देश में पौधारोपण करने की बात कही।बैठक में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रवि पांडे ने भी संबोधित किया।

मुख्य अतिथि सुनील सिंघी ने महासंघ के बारे में बताया कि संगठन आज पूरे मध्य प्रदेश के साथ ही संपूर्ण भारत में अपना कार्य कर रहा है। भारत सरकार द्वारा नए उद्यमों एवं व्यापार के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी। अपने चालीस मिनट के भाषण में सिंघी ने महासंघ के विस्तार और सुचारू कार्य करने पर जोर दिया।

# विंध्याचल की पहाड़ी पर विराजमान है पांडवकालीन पंचदेहरिया महादेव मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

सावन मास भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में सुसनेर तहसील मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर विंध्याचल पर्वत श्रेणियों की चोटी पर स्थित पंचदेहरिया (पंचदेवलिया) महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। पांडवकालीन इतिहास, अद्भुत स्थापत्य और चमत्कारी मान्यताओं के कारण यह मंदिर मालवा अंचल के प्रमुख शिवधामों में गिना जाता है। सावन के पूरे माह यहां दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

लोकमान्यता के अनुसार महाभारत काल में वनवास के दौरान पांडव इस क्षेत्र में आए थे। भगवान शिव की आराधना के लिए भीम ने लाल रंग की विशाल शिला को काटकर मंदिर का निर्माण किया और उसी पत्थर से शिवलिंग की स्थापना की। इसी कारण यह मंदिर अपनी अनूठी बनावट और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं का



मानना है कि यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित शिवलिंग है। जिसे महाकाल का स्वरूप माना जाता है। वर्षों से चली आ रही मान्यता के अनुसार यह शिवलिंग हर वर्ष तिल के समान आकार में बढ़ता है। इसी अद्भुत मान्यता के कारण प्रदेश सहित राजस्थान के कई जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार पंचदेहरिया महादेव क्षेत्र भीम और हिडंबा के पुत्र घटोत्कच की जन्मस्थली भी माना जाता है। कहा जाता है कि लाक्षागृह से निकलने के बाद पांडव माता कुंती के साथ यहीं ठहरे थे।

#### मौजूद है औरंगजेब के हमले का निशान

मंदिर के पुजारी पंडित बालाराम व्यास बताते हैं कि मुगल शासक औरंगजेब ने इस मंदिर को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया था। उसके प्रहार से शिवलिंग का एक भाग खंडित हुआ, लेकिन उसी स्थान पर तीसरे नेत्र जैसी आकृति उभर आई। बाद में कई शिल्पकारों ने उस हिस्से को जोड़ने का प्रयास किया, किंतु हर बार पत्थर अलग होकर नीचे गिर गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने इसे भगवान शिव के तीसरे नेत्र का चमत्कार मान लिया। आज भी शिवलिंग पर वह निशान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।



### स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से 26 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त घोषित

**महिदपुर रोड।** स्वास्थ्य विभाग के महिला बाल विकास स्कूल शिक्षक शिक्षिकाओं जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों से क्षैत्र की 26 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई है। जिला टीबी अधिकारी डॉ. अरुण कुशवाह ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभना भाबर डॉ. अरुण कुशवाह ने संयुक्तरूप से जानकारी देते हुए बताया निर्धारित मानकों के परि पालना में? मानको को पूरा करने वाली ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है नागरिकों से समय पर टीबी की जांच और निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगी को पोषण आहार उपलब्ध कराने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

### अखिल भारतीय सौधिया राजपूत समाज ने पौधारोपण कर सुरक्षा शपथ दिलाई



**बडौद।** अखिल भारतीय सौधिया राजपूत समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा 1010000 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया था उसी विषय को आगे बढ़ाते हुए आज श्री राम गुरुकुल की चिपीया गौशाला में समाज के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोढ़ाना, अखिल भारतीय सौधिया राजपूत युवा संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तूफान सिंह चौहान गरबड़ा एवं गुरुकुल के आचार्य जी एवं व्यवस्थापक राघु सिंह कचनारिया, भगवान सिंह जामली, सुरेश सिंह चिपया, अमर सिंह महुड़िया बडौद सहित अनेक समाज सेवा करने वाले कार्यकर्ता उपस्थित रहे! श्री राम गुरुकुल में गुलमोहर के पौधे लगाए गए पौधे की सुरक्षा एवं उसका पालन पोषण करने की शपथ भी दिलाई गई!

### सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश सेवा करने वालों का सम्मान



**इंगोरिया।** ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान जम्मू कश्मीर में ड्यूटी पर तैनात रहे इंगोरिया के लांस दफेदार महेश पोरवाल पिता भारत पोरवाल की सेवा निवृति समारोह धूमधाम से मनाया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर क्षेत्र के विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या , इंद्रपाल सिंह पंड्या सहित नगर वासियों ने पोरवाल का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने 17 वर्ष तक भारतीय सेना में रह कर देश सेवा की। नगर में निकले चल समारोह में डी जे पर देश भक्ति के तराने गूंज रहे थे। आयोजित चल समारोह में महिलाएं और युवाओं ने भागीदारी की। जगह-जगह मंच सजा कर नगर में उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### मित्रता दिवस पर महिला मंडल ग्रुप ने किया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**महिदपुर रोड।** 2 अगस्त रविवार मित्रता दिवस पर नगर के 24 अवतार महिला मंडल ग्रुप ने अपने ग्रुप के सभी सदस्यों तथा उनसे जुड़ी अन्य मातृशक्ति का एक कार्यक्रम सांवरिया परिसर में रखा जहां ग्रुप की ऑर्गेनाइजर रीना मोयल ने बताया ग्रुप की सभी सदस्यों के सहयोग से या आयोजन किया गया जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी रही आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के अलावा अंताक्षरी धार्मिक गीत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता डांस आदि के आयोजन किये गये - ऑर्गेनाइजर रीना के अनुसार 24 अवतार मंदिर महिला मित्र मंडल में समाज के सभी वर्गों की महिलाऐं शामिल हैं जो पूरे वर्ष भर कुछ न कुछ कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।

### भाजपा मंडल की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों और संगठन की मजबूती पर चर्चा

**बडौद।** भाजपा मंडल बड़ौद की मासिक बैठक का आयोजन बी आर सी भवन में आयोजित किया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं, बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत करने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक की शुरूआत में सभी कार्यकताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आगामी अभियानों और कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि पार्टी की नीतियों का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। कार्यक्रम के दौरान विधायक मधु गेहलोत, जिलाउपाध्यक्ष राहुल जैन तनोडिया, मंडल प्रभारी लक्ष्मणसिंह कावल, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परिहार, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी, वरिष्ठ नेता चन्द्रेश शर्मा, जिला सहकार्यलय प्रभारी कमल श्रीमाल, मंडल के दोनों महामंत्री पारस जैन एवं विपिन चौहान, मंडल उपाध्यक्ष श्याम सिंह,भारत सिंह चेनपुरा, आदि सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में ऊजार्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्या ज्यादा बेहतर है

# फैट लॉस के लिए कार्डियो या वॉकिंग

**वर्तमान में बढ़ता वजन और शरीर पर जमी चर्बी कई लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। फिट रहने और वजन कम करने के लिए लोग कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। इनमें कार्डियो और वॉक करना सबसे बेहतर शारीरिक गतिविधि मानी जाती है। हालांकि, अक्सर लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि वजन कम करने और फैट लॉस के लिए कार्डियो या वॉक में से क्या ज्यादा बेहतर होता है?**



योग थेरेपिस्ट के अनुसार, कार्डियो ऐसी एक्सरसाइज होती है, जिससे दिल की धड़कन तेज होती है और शरीर में ज्यादा कैलोरी बर्न होती है। इसमें दौड़ना, साइकिल चलाना, रस्सी कूदना, डांस करना, कूदना और तेज एरोबिक एक्सरसाइज शामिल हैं। कार्डियो करने से कम समय में ज्यादा कैलोरी बर्न होती है। इससे शरीर की ज्यादा चर्बी कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, यह दिल और फेफड़ों को मजबूत बनाता है, स्टैमिना बढ़ाता है और शरीर को ज्यादा एक्टिव रखता है। हालांकि, शुरूआत करने वाले लोगों को धीरे-धीरे कार्डियो की आदत डालनी चाहिए।

### वॉकिंग के फायदे

योग थेरेपिस्ट  का कहना है कि नियमित रूप से वॉकिंग करना यानी पैदल चलना आसान और सुरक्षित एक्सरसाइज है। इसे लगभग हर उम्र का व्यक्ति कर सकता है। रोजाना 30 से 45 मिनट तेज चलने से शरीर कैलोरी बर्न करता है और धीरे-धीरे वजन कम करने में मदद मिलती है। वॉकिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे घुटनों और जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है। इसलिए, ज्यादा वजन वाले लोग, बुजुर्ग और लंबे समय बाद एक्सरसाइज शुरू करने वाले लोगों के लिए यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। रोजाना वॉकिंग करने से ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखने में भी मदद मिल सकती है।

### कार्डियो या वॉकिंग: फैट लॉस के लिए क्या है बेहतर?

योग थेरेपिस्ट का कहना है कि अगर आपका लक्ष्य कम समय में ज्यादा कैलोरी बर्न करना है, तो कार्डियो वॉकिंग से ज्यादा असरदार हो सकता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि सिर्फ कार्डियो करने से ही फैट कम होगा। अगर आप रोज तेज चाल में वॉक करते हैं और संतुलित भोजन लेते हैं तो वॉकिंग से भी अच्छे रिजल्ट मिल सकते हैं। फैट लॉस तब होता है जब शरीर जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे कम कैलोरी भोजन से लेता है। इसलिए, एक्सरसाइज के साथ सही डाइट भी जरूरी है। सिर्फ एक्सरसाइज करके और गलत खानपान की आदतें अपनाकर सही नतीजा नहीं मिल सकता है।

### क्या कहती है स्टडी

साल 2013 में क्लीनिकल ट्रायल्स (लैब स्टडीज) से पता चलता है कि अगर वजन कम करने के लिए कैलोरी बर्न की जाए तो हल्की कसरत जैसे चलना और तेज कसरत दोनों से बराबर फैट कम होता है। हालांकि, दौड़ना, चलने के मुकाबले वजन कम करने और फैट बर्न करने में ज्यादा असरदार होता है।

### झटपट बालीवुड

- **'लव एंड वॉर' अंतिम शेड्यूल में पहुंची-** संजय लीला भंसाली की फिल्म अंतिम चरण की शूटिंग शुरू हो गई है। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल स्टारर फिल्म अगस्त में शूटिंग पूरी करने की तैयारी में है।
- **आमिर की 'ललकारा' से बाहर हुए फरहान-** फरहान अख्तर ने आमिर खान की स्पोर्ट्स ड्रामा ललकारा से खुद को अलग कर लिया है। उनकी जगह अभिनेता सिद्धांत गुप्ता को फिल्म में शामिल किए जाने की खबर है।
- **एक्सेल एंटरटेनमेंट ने लॉन्च किया म्यूजिक लेबल-** फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अपना नया Excel Music लेबल लॉन्च किया है, जिसे यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप का सहयोग मिला है।
- **अनुपम खेर का वीडियो हुआ वायरल-** अनुपम खेर ने खोसला का घोसला 2 के सह-कलाकारों के साथ वायरल ट्रेंड पर मजेदार वीडियो शेयर किया।



# क्या फैट बर्न करने के लिए ब्लैक कॉफी सबसे अच्छी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है?

ब्लैक कॉफी पीने का चलन वर्तमान में बहुत ज्यादा बढ़ गया है। लेट नाइट ऑफिस का काम करना हो, स्ट्रेस कम करना हो या फिर वेट लॉस, ब्लैक कॉफी कई लोगों की डाइट का हिस्सा बन चुकी है। अगर आप भी वजन कम करने या वर्कआउट के दौरान अच्छी परफॉर्मेंश देना पसंद करते हैं, तो आपने भी कई बार सुना होगा कि ब्लैक कॉफी बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। जिम जाने वाले लोगों से लेकर कई फिटनेस एक्सपर्ट तक, एक्सरसाइज या वर्कआउट करने से पहले ब्लैक कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन, क्या वास्तव में वर्कआउट से पहले ब्लैक कॉफी पीने से फैट बर्न करने में मदद मिल सकती है।

### फैट कम करने में ब्लैक कॉफी क्यों होती है असरदार?

ब्लैक कॉफी में मौजूद कैफीन एक नेचुरल स्टिमुलेंट है, जो सेंट्रकल नर्वस सिस्टम को एक्टिव करता है। यह शरीर को ज्यादा एनर्जी महसूस कराने, थकान कम करने और फोकस बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसी कारण वर्कआउट करने से थोड़ी देर पहले ब्लैक कॉफी पीना फायदेमंद हो सकता है।

### किन लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए?

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा बताती हैं कि ब्लैक कॉफी हर किसी के लिए सही नहीं होती है। कुछ लोगों को कैफीन पीने के बाद घबराहट, दिल की धड़कन तेज होना, पेट में जलन या नींद की समस्या हो सकती है। इसलिए, कुछ लोगों को खास सावधानी बरतने की जरूरत होती है, जैसे- हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, दिल से जुड़ी समस्याएं होने पर, प्रेग्नेंट महिलाएं, कैफीन से एलर्जी होने पर, अनिद्रा या एंग्जायटी की समस्या रहने पर। सिर्फ ब्लैक कॉफी वजन कम करने या फैट बर्न करने में फायदेमंद नहीं होती है।



ब्लैक कॉफी वर्कआउट से पहले पी जाने वाली एक कम कैलोरी वाली ड्रिंक है। इसमें मौजूद कैफीन के कारण एनर्जी, फोकस और एक्सरसाइज अच्छी तरह करने में मदद मिल सकती है। ब्लैक कॉफी फैट बर्निंग प्रक्रिया को बेहतर बना सकती है, लेकिन इसे वजन कम करने का उपाय नहीं माना जा सकता है। अगर आप संतुलित आहार और नियमित एक्सरसाइज नहीं करते हैं तो यह आपकी फिटनेस जर्नी में रुकावट बन सकता है। इसलिए, ब्लैक कॉफी पीने के साथ हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज करना भी जरूरी है।

Sport

## आकिब नबी पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में

# बुमराह की जगह श्रीलंका दौरे पर जाएंगे

### टीम इंडिया में आने वाले जम्मू-कश्मीर के तीसरे प्लेयर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह आकिब नबी को टीम में शामिल किया गया है। नबी टीम इंडिया में चुने जाने वाले जम्मू-कश्मीर के सिर्फ तीसरे क्रिकेटर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी।

जसप्रीत बुमराह रविवार को टीम इंडिया से बाहर हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे घुटने की चोट से नहीं उबर पाए हैं। टीम मैनेजमेंट और बीसीसीआई ने उनके लंबे करियर को देखते हुए कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया है।



### दो रणजी सीजन में कुल 104 विकेट चटकाए आकिब ने

2025-26 रणजी ट्राफी में मात्र 10 मैचों में 60 विकेट लिए, जिनमें सात बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। पिछले दो रणजी सीजन में आकिब नबी ने कुल 104 विकेट लिए हैं। इनमें 2025-26 में 60 और पिछले सीजन में 44 विकेट शामिल हैं। इन आंकड़ों ने आकिब नबी का लाल गेंद क्रिकेट में देश के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शुमार कर दिया है।

आकिब का नाकआउट मुकाबलों में प्रदर्शन विशेष रूप से शानदार रहा। आकिब ने क्वार्टरफाइनल में मध्य प्रदेश, सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक के विरुद्ध निर्णायक गेंदबाजी की। इन प्रदर्शनों ने न केवल जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्राफी का खिताब दिलाया बल्कि दबाव में उनके धैर्य को भी प्रदर्शित किया।

आकिब नबी हाल ही में इंडिया ए टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर भी गए थे। वहां उन्होंने दो प्रथम श्रेणी मैचों में छह विकेट लिए थे।

श्रीलंका दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल संभालेंगे। केएल राहुल उपकप्तान होंगे।

# अमेरिका के क्रिकेटर अखिलेश रेड्डी पर 8 साल का बैन

एजेंसी ▸▸ आबूधाबी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के एंटी-करप्शन ट्रिब्यूनल ने अमेरिका के क्रिकेटर बोदुगुम अखिलेश रेड्डी पर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से 8 साल का प्रतिबंध लगाया है। ट्रिब्यूनल ने उन्हें आबू धाबी टी10 लीग 2025 के दौरान मैच फिक्सिंग की कोशिश, दूसरे खिलाड़ी को फिक्सिंग के लिए उकसाने और जांच के दौरान मोबाइल से सबूत मिटाने का दोषी पाया। यह प्रतिबंध 21 नवंबर 2025 से प्रभावी माना जाएगा, जब उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था।

आईसीसी के मुताबिक, मामले की जांच एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से नियुक्त क्ळउ के एंटी-करप्शन अधिकारियों (डीएसीओ) ने की थी। 26 साल के बोदुगुम अखिलेश रेड्डी ने अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 4 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने नॉर्थ अमेरिका टी20 कप में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ अमेरिका के लिए अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

एक बल्लेबाज और पार्ट-टाइम गेंदबाज के रूप में खेलने वाले अखिलेश के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 1 विकेट दर्ज है। आबू धाबी ळ10 लीग का आयोजन एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड  करता है। टूर्नामेंट में भ्रष्टाचार रोधी नियमों को लागू करने और उनकी निगरानी की जिम्मेदारी आईसीसी के एंटी-करप्शन अधिकारियों को सौंपी गई है। इसी अधिकार के तहत इस मामले की जांच और सुनवाई की गई। 26 साल के बोदुगुम अखिलेश रेड्डी ने अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 4 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने नॉर्थ अमेरिका टी20 कप में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ अमेरिका के लिए अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

### कॉमनवेल्थ में बॉक्सिंग भारत की ताकत, एथलेटिक्स में गोल्ड नहीं

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल जीते। वह मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा। पहली नजर में यह प्रदर्शन बर्मिंघम 2022 के 61 मेडल से कमजोर दिख सकता है, लेकिन आंकड़े अलग कहानी बताते हैं। इस बार ग्लासगो में सिर्फ 10 खेल शामिल थे, जबकि बर्मिंघम में 19 खेल खेले गए थे। बैडमिंटन, कुश्ती, शूटिंग, हॉकी, टेबल टेनिस और क्रिकेट जैसे खेल ग्लासगो गेम्स का हिस्सा नहीं थे, जिनसे 2022 में भारत को 30 पदक मिले थे। इसके अलावा भारत ने 210 खिलाड़ियों की जगह सिर्फ 123 खिलाड़ियों का दल भेजा।

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

### नैनो न्यूज

- **भारत 39 पदकों के साथ चौथे स्थान पर-** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीतकर चौथे स्थान पर अभियान समाप्त किया। बॉक्सिंग में भारत का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।
- **2030 कॉमनवेल्थ की मेजबानी भारत को सौंपी-** समापन समारोह में ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और पीटी ऊषा ने कॉमनवेल्थ गेम्स का ध्वज और बैटन प्राप्त किया। इसके साथ ही 2030 अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स की आधिकारिक उलटी गिनती शुरू हो गई।
- **कॉमनवेल्थ गेम्स का समापन, भारत पर नजरें-** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के सफल समापन के बाद अब 2030 संस्करण की मेजबानी करने वाले भारत से खेलों को नई ऊंचाई देने की उम्मीद जताई जा रही है।
- **लवलीना ने गलत नक्शे पर जताई आपत्ति-** भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ग्लासगो के एक रेस्तरां में भारत का गलत नक्शा प्रदर्शित किए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई, जिसके बाद रेस्तरां ने संबंधित पोस्ट हटा दी।
- **विनेश फोगाट का बृजभूषण पर बड़ा बयान-** पहलवान विनेश फोगाट ने अदालत के फैसले के बाद कहा कि खिलाड़ियों पर दबाव बनाया गया और अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया गया। उनका बयान खेल जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**नीरज, पीटी ऊषा को ध्वज मिला; क्लोजिंग सेरेमनी में शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर की परफॉर्मेंस**

# भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मशाल सौंपी

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो

ग्लासगो में 11 दिन तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स का समापन हो गया है। रविवार रात को ओवो हाइड्रो एरिना में ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गूडरेम की परफॉर्मेंस से क्लोजिंग सेरेमनी की शुरूआत हुई। उसके बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के प्रेसिडेंट डॉ. डोनाल्ड रुका ने 2030 गेम्स के मेजबान भारत को मशाल सौंपी। यहां नीरज चोपड़ा, इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा और गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी मौजूद रहे। आखिर शंकर महादेवन, मानुषी छिल्लर, सितार वादक ऋषभ रिखीराम और भूमि त्रिवेदी जैस भारतीय कलाकारों ने इंडियन ट्रेडिशन में गेम्स का स्वागत किया।

ऋषभ रिखीराम सितार और रॉस एंसली ने बैगपाइपर पर जुगलबंदी पेश की। रिखीराम ने शिव तांडव स्त्रोत गाया। 2017 की मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने वंदे मातरम् पर डांस किया। शंकर महादेवन ने ऐ वतन और भाग मिल्खा मिल्खा गाया। उन्होंने अपने बेटों सिद्धार्थ, शिवम और भूमि त्रिवेदी के साथ परचम लहरा दो...गाने पर परफॉर्मेंस दी।



### स्कॉटिश कल्चर से कॉमनवेल्थ की विदाई

सेरेमनी की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन सिंगर डेल्टा गूडरेम, मशहूर बैंड एलीफेंट सेशंस और शेरीन कटकेल्विन की प्रस्तुति में स्कॉटलैंड के कल्चर की झलक दिखी। शंकर महादेवन ने ऐ वतन और भाग मिल्खा मिल्खा गाया। उन्होंने अपने बेटों सिद्धार्थ, शिवम और भूमि त्रिवेदी के साथ परचम लहरा दो...गाने पर परफॉर्मेंस दी। 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स अपने 100 साल पूरे करेगा। पहला एडिशन 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर में हुआ था। भारत दूसरी बार गेम्स की मेजबानी करेगा।

## न्यूज कॉलम

### नाबालिग की मौत पर परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**धामनोद।** धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग की मौत के बाद परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं है, बल्कि उनकी बच्ची के साथ कोई घटना हुई है और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जानकारी के अनुसार, नाबालिग अपनी मां के साथ धामनोद क्षेत्र में एक किराए के मकान में रहती थी। उसकी मां एक निजी कंपनी में काम करती है। 2 जुलाई की शाम करीब 6 बजे जब मां काम से घर लौटीं, तो घर का दरवाजा बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया। अंदर नाबालिग मृत अवस्था में मिली। उसे तत्काल धामनोद अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भैंस चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार 6.5 लाख कीमत की तीन भैंसें जब्त

**बदनावर।** कानवन पुलिस ने ग्राम खाचरोदा से भैंस चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई तीनों भैंसें और वारदात में इस्तेमाल किया गया पिकअप लोडिंग बोलेरो वाहन जब्त कर लिया है। जब्त की गई भैंसों की कीमत करीब 6.5 लाख रुपये बताई जा रही है। यह घटना 1 अगस्त को कानवन थाना क्षेत्र के ग्राम खाचरोदा में हुई थी। किसान दिलीप पिता शिवनारायण भारती ने अपने खेत से बंधी तीन भैंसों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने संदीप पिता ईश्वरलाल मकवाना और प्रकाश पिता कैलाश राठौड़ को पकड़ा। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी करना कबूल कर लिया।

### बस और-कार की आमने-सामने टक्कर युवक की मौत, महिला सहित पांच घायल

**धार।** धार के सरदारपुर थाना क्षेत्र की तारा घाटी में सोमवार दोपहर बस ने ईको कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। बस राजगढ़ से कुक्षी जा रही थी और ईको कार राजगढ़ जा रही थी। घटना में ईको में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ईको कार में कुल 6 लोग सवार थे। मृतक की पहचान कुक्षी निवासी हैदर पिता कायत बोहरा के रूप में हुई है। घायलों में अली असरगर पिता काईद जौहर, काईद पिता जाकिर हुसैन, ड्राइवर हुसैन पिता कातीन और एक महिला शामिल हैं। टक्कर इतनी तेज थी कि ईको कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## नैनो न्यूज

- इंदौर से प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू होने से निर्यात, आईटी, फार्मा और टेक्सटाइल उद्योगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।
- इंदौर-उज्जैन संभाग में सामान्य से कम वर्षा के कारण सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों को लेकर व्यापारियों में चिंता बढ़ी है।
- 21-24 अगस्त को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले फूड टेक 2026 के लिए तैयारियां तेज हैं। इसमें मशीनरी क्षेत्र की कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेंगी।
- इंदौर-पीथमपुर आर्थिक कॉरिडोर परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है। बड़े निवेश आकर्षित करना और हजारों नए रोजगार सृजित करना है।
- इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि शहर की जीडीपी बढ़ाने में एमएसएमई और छोटे उद्योग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- कैंसर अस्पताल: 20 हजार वाली पीईटी जांच 10 हजार में होगी, लीनियर एक्सीलेटर के लिए 6 माह का इंतजार।

टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी को मारी टक्कर, दिव्यांग की सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

# इंदौर में अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में हुए अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। घटनाएं कनाड़िया, आजाद नगर, लसूड़िया और विजय नगर में रविवार शाम से देर रात तक की हैं। सभी के शव पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजे गए हैं। पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

**लोडिंग गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए मारी टक्कर-** कनाड़िया में बिचौली मदार्ना गांव के पास रविवार शाम अपने घर जा रहे 40 वर्षीय अशोक परमार को एक लोडिंग गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। हादसे में अशोक के सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया।

गंभीर हालत में डॉक्टरों ने उन्हें एमवाय अस्पताल भेज दिया। यहां उपचार के दौरान





उनकी मौत हो गई। अशोक निजी टेलीकॉम कंपनी में काम करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। दोनों पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, परिवार में अन्य पांच भाई अलग रहते हैं।

**दिव्यांग को मारी अज्ञात वाहन ने टक्कर, मौत-** इंदौर के आजाद नगर में मूसाखेड़ी शराब दुकान के पास 35 वर्षीय दिव्यांग संजय पिता रमेश ठाकरे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। संजय अपने जीजा संतोष के पास रहते थे। मूसाखेड़ी में उनके जीजा की दुकान है। देर शाम संजय को भोपाल में रिश्तेदारों के यहां जाना था। वह सड़क पार कर रहे थे। हादसे में उनकी मौत हो गई। उनका एक पैर मुंबई में सड़क हादसे में कट गया था। इसके बाद वह अपने जीजा के पास इंदौर आकर रहने लगे। संजय की शादी नहीं हुई थी। उनके परिवार में पांच भाई हैं और सभी अलग-अलग रहते हैं। वह मूल रूप से कमलापुर के पास के रहने वाले थे।

**सड़क हादसे में घायल युवती ने तोड़ा दम-** विजय नगर के सी-21 मॉल के यहां रविवार दोपहर 2 बजे निकीता पिता विश्वनाथ लोधी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्हें उपचार के लिए लोगों ने लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया था।

यहां देर रात 12 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। निकिता नरसिंहपुर की रहने वाली थीं। उनके परिवार में पिता, भाई और अन्य लोग हैं। यहां किराए के घर में रहकर वह निजी कंपनी में जॉब करती थीं। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

- लसूड़िया इलाके में सेटेलाइट जंक्शन के यहां रात करीब 11 बजे एक 40 साल के व्यक्ति की ट्रेन से टकराने के चलते मौत हो गई। घटना के बाद लसूड़िया पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन युवक की तलाशी में उसके पास से कुछ नहीं मिला। पुलिस उसकी पहचान के प्रयास कर रही है। उसके कपड़ों से किसी तरह का पहचान पत्र नहीं मिला है।
- **बाइक सवार को मारी टक्कर-** लसूड़िया थाना इलाके में एक अन्य घटना में रात में एकेवी यूनिवर्सिटी के बायपास पर बाइक सवार शिवराज (29) पिता राजेश मालवीय, निवासी टिकरिया, देवास को भी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें राहगीरों ने एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा। यहां रात करीब 2 बजे उपचार के दौरान शिवराज की मौत हो गई। पुलिस उसके परिवार के लोगों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

दोस्त ने महिला की मदद से कराई शादी, पुलिस ने बड़नगर से किया बरामद, पांच गिरफ्तार

# इंदौर में 15 वर्षीय किशोरी को 3 लाख में बेचा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बाणगंगा थाना पुलिस ने 15 वर्षीय लापता किशोरी को उज्जैन जिले के बड़नगर से बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोरी के दोस्त और एक महिला ने उसे 3 लाख रुपए में बड़नगर निवासी युवक को बेच दिया था। पुलिस ने मामले में किशोरी के दोस्त सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ जारी है और जल्द पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार करीब 15 दिन पहले किशोरी के परिजनों ने बाणगंगा थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने किशोरी के दोस्त राकेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि सोनू बंजारा नामक महिला की मदद से किशोरी को बड़नगर निवासी संजय पाटीदार के पास भेजा गया, जहां



दोनों की शादी भी करा दी गई थी।

**पैसे देने और साजिश रचने का आरोप-** पुलिस रविवार रात किशोरी को थाने लेकर पहुंची और पूछताछ की। किशोरी ने बताया कि उसे भी इस सौदे की रकम में से कुछ पैसे दिए गए थे। आरोप है कि उसे यह भी समझाया गया था कि शादी के करीब एक सप्ताह बाद वह इंदौर लौट आए और संजय पाटीदार के घर से नकदी एवं सोने-चांदी के जेवर लेकर भाग आए। इसके बाद सामान और रकम का आपस में बंटवारा करने की योजना थी।

### रेप केस में फंसाने की भी दी थी सलाह

जांच में यह भी सामने आया कि किशोरी को कथित तौर पर यह सलाह दी गई थी कि यदि संजय पाटीदार किसी तरह का विवाद करे, तो उसके खिलाफ बाणगंगा थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देना।

पुलिस ने फिलहाल किशोरी, उसके दोस्त समेत कुल पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में मानव तस्करी, नाबालिग से जुड़े अपराध और अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा।

पब-बार और होटलों को पुलिस का अल्टीमेटम

# डीजे नाइट और लाइव शो पर रोक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में पब, बार, रेस्टोरेंट और होटल संचालकों के लिए पुलिस ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त (जोन-2) अमन सिंह राठौड़ ने ऑनलाइन बैठक आयोजित की और संचालकों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में संचालकों को सबसे पहले प्रतिष्ठानों को पूरी तरह ड्रग्स मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने कहा कि किसी भी पब, बार, होटल या रेस्टोरेंट में मादक पदार्थों का सेवन, बिक्री या उससे जुड़ी गतिविधि मिलने पर सीधे संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होगी। इसके साथ ही नाबालिगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने सभी प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें हर समय चालू रखने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की तैनाती और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। संचालकों को स्पष्ट कर दिया गया कि बिना पुलिस अनुमति किसी भी लाइव शो, डीजे नाइट, कलाकार के कार्यक्रम या विशेष आयोजन की अनुमति नहीं होगी। किसी भी विवादित, आपत्तिजनक या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले कार्यक्रम के आयोजन पर भी पूरी तरह रोक रहेगी।

# 370 बदमाशों पर कसी नकेल, 163 वारंट तामील और 3 आरोपी जिलाबदर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सरप्राइज सघन चेकिंग अभियान चलाया। देर रात से सुबह तक चले इस काम्बिंग आपरेशन में पुलिस ने चारों जोन में एक साथ कार्रवाई करते हुए 370 बदमाशों और संदिग्धों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। अभियान के दौरान 163 से अधिक वारंट तामील किए गए, जिनमें 51 स्थायी, 38 की गिरफ्तारी और 74 जमानती वारंट शामिल हैं। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 138 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने 52 आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इनसे थानों में डोजियर भरवाए गए, रेड और यलो नोटिस देकर भविष्य में अपराध नहीं करने की चेतावनी दी गई तथा शपथ भी दिलाई गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 11 और मादक पदार्थ सेवन का एक मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान एरोड्रम थाना पुलिस ने एक आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। अभियान के दौरान ड्रोन और बाइक पेट्रोलिंग के जरिए हाटस्पाट, शैडो एरिया, होटल, लाज, रैन बसेरे, ढाबे, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस ने लोगों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया।

### बुजुर्गों की पिटाई वाले आश्रम पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

महाराणा प्रताप नगर स्थित प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद सोमवार को पूरे आश्रम को जमींदोज कर दिया गया। सुबह करीब 10 बजे जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पहले आश्रम का पूरा सामान बाहर निकलवाया गया, इसके बाद जेसीबी और बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई एसडीएम निधि वर्मा के नेतृत्व में की गई।

फ्लायओवर की बड़ी बाधा हुई दूर

# तीन करोड़ से शिफ्ट होंगी पाइपलाइन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

धार रोड के लाखों वाहन चालकों और रहवासियों के लिए राहत की बड़ी खबर है। लंबे समय से अटकी चंदन नगर फ्लायओवर परियोजना की सबसे बड़ी रुकावट दूर हो गई है। फ्लायओवर के प्रस्तावित अलाइनमेंट (रास्ते) के बीच आ रही पानी और सीवरेज की पाइपलाइनों को हटाने (यूटिलिटी शिफ्टिंग) के लिए नगर निगम ने टेंडर फाइनल कर दिया है।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने इस शिफ्टिंग कार्य के लिए नगर निगम को करीब 3 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करा दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, अगले 15 दिन में चयनित एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। चूंकि अभी मानसून का समय है, इसलिए पाइपलाइनों को शिफ्ट करने का मैदानी काम अगस्त के बाद (बारिश थमने पर) शुरू होगा।

सिंहस्थ से पहले काम पूरा करने का टारगेट आईडीए ने फ्लायओवर निर्माण के लिए एक वर्ष की समय सीमा तय की है। प्रशासन का मुख्य फोकस इस पूरे प्रोजेक्ट को सिंहस्थ से पहले मुकम्मल करने पर है, ताकि उज्जैन की ओर जाने वाले और वहां से आने वाले ट्रैफिक को सुगम रास्ता मिल सके।

गौरतलब है कि आईडीए ने फ्लायओवर निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी का चयन पिछले साल ही कर लिया था, लेकिन जमीन के नीचे बिछी पाइपलाइनों के कारण काम एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया था। अब निगम के टेंडर फाइनल करने से काम शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

# गर्लफ्रेंड और उसके दोस्त को नग्न कर पीटा, इलाज के दौरान युवक की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ झाबुआ**

झाबुआ जिले में जनपद अध्यक्ष के पति बीजेपी नेता ने अपने साथियों संग मिलकर गर्लफ्रेंड और उसके दोस्त को नग्न कर पीटा। आरोपियों ने दोनों को लकड़ी के डंडे और बेसबॉल के बैट से सिर पर कई वार किए। हमले में शख्स का सिर फूट गया। इलाज के दौरान शख्स की मौत हो गई। आरोपियों ने पीटने का वीडियो भी बनाया।

मृतक की पहचान हरिराम गोमाजी के रूप में हुई है। उनके शरीर पर मारपीट के कई निशान मिले। वहीं महिला की हालत भी गंभीर है। महिला और उसका दोस्त रहम की भीख मांगते रहे। बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे, लेकिन आरोपी उन्हें पीटते रहे।

राजगढ़ पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात करीब 2 बजे राजगढ़ क्षेत्र के कुछ लोग पेटलावद की अटल बस्ती स्थित महिला के घर पहुंचे। मुख्य दरवाजा नहीं खुलने पर आरोपी पीछे के रास्ते से घर में घुस गए। इसके बाद घर में रखी लकड़ी की मोगरी और लाठी से महिला की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान घर में मौजूद हरिराम गोमाजी महिला को बचाने लगे। आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों को नग्न कर बेसबॉल बैट और मोगरी से पीटा गया। गंभीर रूप से घायल हरिराम को अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घायल महिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मुख्य आरोपी देवा पिता थावरिया सिंगाड़ के साथ उसका करीब 14 साल तक प्रेम संबंध था। करीब एक साल पहले उसने आरोपी से दूरी बना ली थी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

महिला ने बताया कि वह 31 जुलाई को हरिराम सिरवी के साथ उज्जैन दर्शन के लिए गई थी। दोनों 1 अगस्त की शाम लौटे थे। आरोप है कि हरिराम के साथ उसका आना-जाना मुख्य आरोपी को पसंद नहीं था। इसी रंजिश में रात को घर में घुसकर हमला किया गया।

### पहले धमकाया, फिर घर में घुसकर हमला किया

मृतक हरिराम सिरवी के बेटे ने बताया कि घटना से पहले आरोपी धार जिले के धुलेट स्थित उनके घर पहुंचे थे। वहां गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और चले गए। रविवार सुबह करीब 5 बजे पेटलावद अस्पताल से फोन आया कि उनके पिता गंभीर हालत में भर्ती हैं। अस्पताल पहुंचने पर हमें लाश मिली। आरोपियों ने मारपीट की पूरी वारदात का वीडियो बनाया और बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो में आरोपी हरिराम से कह रहे हैं कि तुम हमारे सामने ही इस महिला से सेक्स करो। हरिराम को गालियां भी देते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया।







स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com